दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 170 जयपुर, गुरुवार, 30 मई, 2024 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### बाघिन ST-27 ने पहली बार दिया दो शावकों को जन्म



**अलवर।** टाइगर रिजर्व सरिस्का से वन्यजीव प्रेमियों के लिए फिर से खुशखबर आई है। अब सरिस्का में बाघिन एसटी-27 के साथ कैमरा ट्रैप में दो शावक दिखाई दिए। सरिस्का में अब बाघों का कुनबा बढ़कर 35 हो गया है। यहां ढाई महीने में दूसरी बार खुशी की खबर मिली है। इससे पहले 13 मार्च को बाघिन एसटी-12 तीन शावकों के साथ नजर आई थी। सरिस्का में अभी 11 मेल, 14 फीमेल और 10 शावक हैं। सरिस्का में बाघिन एसटी-27 ने पहली बार शावकों को जन्म दिया है। बाघिन एसटी-27 की टैरिटरी टहला व अजबगढ रेंज रही है। कैमरा ट्रैप में शावकों के साथ बाघिन इसी क्षेत्र में दिखाई दी है। बाघिन एसटी-27 के साथ दिखे शावकों की उम्र करीब 2 माह है। ■ पेज 4 भी देखें

### चीन ने पीओके में लगाया रडार सिस्टम, तोपें तैनात



**मुजफ्फराबाद।** चीन बीते तीन साल से एलओसी पर पाकिस्तान के लिए रक्षा सहयोग लगातार बढ़ा रहा है, जिसमें लोहे से ढके बंकरों का निर्माण और मानव रहित लड़ाकू हवाई उपकरणों की तैनाती शामिल है। इसके अलावा चीन एलओसी पर अत्यधिक गोपनीय संचार टावरों की स्थापना और भूमिगत फाइबर केबल बिछाने में भी मदद कर रहा है। वहीं, चीनी मूल की एडवांस रडार सिस्टम, जैसे 'जेवाई' और 'एचजीआर' को मध्यम और कम ऊंचाई वाले लक्ष्य का पता लगाने की क्षमताएं बढ़ाने के लिए तैनात किया गया है, जिससे सेना और वायु रक्षा इकाइयों को महत्वपूर्ण खुफिया सहायता मिलती है। इसके अलावा, एक चीनी कंपनी की बनाई 155 एमएम होवित्जर तोप एसएच-15 की मौजूदगी भी एलओसी पर विभिन्न स्थानों पर देखी गई है। इस कदम को चीन के पाकिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत बनाने और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विशेष रूप से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को लेकर हुए निवेश की सुरक्षा के प्रयासों के तौर पर देखा जा रहा है।

---

**राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड: छात्राओं का रिजल्ट 93.46% जबकि छात्रों का परिणाम रहा 92.64 फीसदी**

# दसवीं की परीक्षा में एक बार फिर बेटियों ने मारी बाजी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से बुधवार को 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। बोर्ड के प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेश चंद शर्मा ने बुधवार शाम बोर्ड ऑफिस में परिणाम जारी किया। दसवीं का परिणाम 93.03% रहा। परिणाम में छात्राओं ने बाजी बारी है। इस बार छात्रों का 92.64 प्रतिशत और छात्राओं का 93.46% परीक्षा परिणाम रहा। इसके साथ ही प्रवेशिका परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया गया। प्रवेशिका का परीक्षा परिणाम



82.54 फीसदी रहा। खास बात यह कि बोर्ड ने एक माह में सभी बोर्ड की परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में कुल 10 लाख 60 हजार 751 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 10 लाख 39 हजार 895 ने परीक्षा दी। परीक्षा में कुल 9 लाख 67 हजार 392 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। ■ पेज 5 भी देखें

### जिलों में पहले स्थान पर रहा झुंझुनूं

परीक्षा परिणाम को लेकर प्रदेश के जिलों की बात की जाए तो 97.74 प्रतिशत रिजल्ट के साथ झुंझुनूं जिला पहले स्थान पर रहा, जबकि प्रतापगढ़ का 85.36 प्रतिशत के साथ सबसे पीछे रहा। इसी प्रकार दसवीं बोर्ड में रेगुलर स्टूडेंट्स का रिजल्ट 93.11 प्रतिशत रहा, वहीं प्राइवेट स्टूडेंट का रिजल्ट 40.39 प्रतिशत रहा।

### प्रवेशिका परीक्षा: 5 हजार 648 परीक्षार्थी उत्तीर्ण

बोर्ड ने प्रवेशिका परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया है। प्रवेशिका परीक्षा का परिणाम 82.54 प्रतिशत रहा है। प्रवेशिका परीक्षा के लिए 7 हजार 59 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 6 हजार 843 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें 5 हजार 648 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। प्रवेशिका परीक्षा में छात्रों की संख्या 2 हजार 534 और छात्रों की 3 हजार 114 है। इनमें छात्रों का परीक्षा परिणाम 80.27 फीसदी और छात्रों का 84.48 प्रतिशत रहा है।

### बोर्ड ने रचा इतिहास

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब 12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम एक माह के अंदर जारी कर दिया गया। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शिक्षक भी चुनावी ड्यूटी में लगे हुए थे। इसके बावजूद बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा में बैठे 19 लाख से अधिक परीक्षार्थियों की सवा करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय पर करवाया और परीक्षा परिणाम जारी कर दिया।

### 50 जिलों के अनुसार जारी किया गया परीक्षा परिणाम

बोर्ड ने पहली बार 33 की जगह 50 जिलों के अनुसार परिणाम तैयार किया है। पूर्व गहलोत सरकार ने प्रदेश में नए जिलों का गठन किया था। इसके बाद 33 जिलों की जगह 50 जिले हो गए। इसी को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने भी इस बार का 10वीं और 12वीं के सभी परिणाम जारी किए हैं।

---

**नौतपे का पांचवां दिन: प्रचंड गर्मी से तपे देश के कई शहर**

# गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड दिल्ली @52⁰ के पार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देशभर में नौपता में गर्मी ने प्रचंड रूप धारण कर लिया है। देश के कई शहरों में पारा 50 डिग्री के पार चला गया है और लोग भीषण लू का सामना कर रहे हैं। मौसम विभाग ने फिलहाल किसी राहत की उम्मीद नहीं जताई है। कई राज्यों में अत्यधिक गर्मी और लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। देश की राजधानी दिल्ली भी भीषण गर्मी का कहर झेल रही है।

दिल्ली के मुंगेशपुर में अब तक का सर्वोच्च तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, इसके बाद बारिश की वजह से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकी। दिल्ली के मुंगेशपुर का तापमान बुधवार को पूर्वानुमान के हिसाब से नौ डिग्री अधिक रहा। इससे पहले दिल्ली में वर्ष 2002 में सबसे अधिकतम तापमान 49.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बुधवार को पुराने सारे रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए। भीषण लू और गर्मी के बीच दिल्ली में बिजली की खपत ने भी सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। ऊर्जा विभाग के अनुसार भीषण गर्मी के दौरान लोगों ने एयर कंडीशनर (एसी) का अत्यधिक उपयोग किया। इस वजह से एक दिन में 8,302 मेगावाट बिजली की खपत की गई। यह अब तक का सर्वोच्च स्तर है।

उधर, बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच गया है। भीषण गर्मी से 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। इसी को ध्यान में रखते हुए 30 मई से 8 जून तक स्कूल बंद रखने के आदेश जारी कर दिए गए।




### अगले 24 घंटे में केरल आ सकता है मानसून

देशभर में हीटवेव की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। झुलसाती गर्मी के बीच आईएमडी से राहत भरी खबर आई है। आईएमडी ने जानकारी दी कि 30 मई को दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब सहित राजस्थान सहित बारिश हो सकती है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा कि मानसून के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। अनुमान है कि आने वाले 24 घंटे में मानसून केरल में आ सकता है।

**प्रदेश के तापमान में 1 से 3 डिग्री तक दर्ज की गई गिरावट**

## पिलानी @ 48.2⁰... जयपुर@ 46⁰

**बेधड़क | जयपुर**

बीते एक सप्ताह से प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है, लेकिन बुधवार को तापमान में आई मामूली गिरावट से लोगों को इस प्रचंड गर्मी से हल्की राहत मिली है।



प्रदेश के तापमान में 1 से 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई, हालांकि लू अभी भी जानलेवा बनी हुई है। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार पिलानी प्रदेश में सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा चूरू में 47.7 डिग्री, अलवर में 47.5 डिग्री, वनस्थली में 47.2 डिग्री, फलोदी में 47.0 डिग्री, श्रीगंगानगर में 46.9 डिग्री और राजधानी जयपुर में 46.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 31 मई से लू की तीव्रता में कमी होने की संभावना है। राज्य में 31 मई से दो जून तक जयपुर, बीकानेर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में आंधी बारिश की संभावना है। राज्य में एक जून से भीषण गर्मी से राहत मिलेगी और अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे आएगा। राजधानी जयपुर में नौतपा के 5वें दिन भीषण गर्मी रही। शहर का तापमान 46.0 डिग्री रहा। सड़कों पर लोग गर्मी से परेशान होते दिखे। इस दौरान शहर में जगह-जगह स्मोक गन से पानी का छिड़काव किया गया। लोग बाइक रोककर पानी की फुहारों के नीचे खड़े हो गए। वहीं, एसएमएस की ओपीडी में कूलिंग सिस्टम बंद होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग की माने तो अगले 24 घंटे जयपुर में इसी तरह के हालात बने रह सकते हैं। इस बीच चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग ने भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पतालों में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तर से सभी जिलों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए हैं।

### भरतपुर के बयाना में हुई हल्की बारिश

भरतपुर के बयाना में मौसम में बदलाव आया है। बुधवार 4 बजे से अचानक तेज हवाओं के साथ 15 मिनट तक मध्यम दर्जे की बारिश हुई। बारिश से सड़क तर हो गई। बारिश के बाद तापमान 48 डिग्री से घटकर 46 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

---

## आज से सिग्नल फ्री होगा बीटू बाइपास चौराहा



*जयपुर। राजधानी जयपुर में बी टू बायपास चौराहे पर गुरुवार से यातायात व्यवस्था में बदलाव हो जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। टोंक रोड पर सीधे ही वाहनों की आवाजाही हो सकेगी। जेडीए अधिकारियों ने चौराहे का निरीक्षण किया। यहां पर जेब्रा लाइन, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य काम किए जा रहे हैं। हालांकि अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। लगभग 20 फीसदी काम अभी भी होना बाकी है। क्लोवर लीफ का काम पूरा नहीं हो पाया है। उससे पहले ही चौराहे को ट्रैफिक सिग्नल फ्री किया जा रहा है। जेडीए अधिकारियों की मानें तो जुलाई तक दोनों क्लोवर लीफ का काम पूरा हो जाएगा।*

**फोटो: राजेश कुमावत**

---

**मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ा एक्शन**

# 4400 लीटर देसी घी और 800 लीटर सरसों तेल सीज

**बेधड़क | जयपुर**

मिलावट को लेकर चिकित्सा विभाग बीते दो माह से राजधानी जयपुर के अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई को अंजाम दे रहा है। इसी के तहत बुधवार को एक बार फिर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए करीब 4 हजार 400 लीटर देसी घी एवं 800 लीटर खाद्य तेल मिलावटी होने की आशंका पर सीज किया।



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि विश्वकर्मा रोड नंबर 6 पर विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने एक फर्म के यहां लगभग 4000 लीटर घी संदेह के आधार पर सीज करने की कार्रवाई की। पंकज ओझा ने बताया कि सूरजपोल मंडी में एक फर्म पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मारा। यहां पर कच्ची घाणी का 808 लीटर सरसों तेल अमानक होने के संदेह पर सीज किया गया। इसी प्रकार गाय का 418 लीटर घी अमानक होने की आशंका पर सीज किया गया। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, नरेंद्र शर्मा पवन गुप्ता, लोकेश, रतन गोदारा एवं देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

---

**मुख्यमंत्री शर्मा का शहर का दौरा**

# भीषण गर्मी के बीच सीएम भजनलाल ने लिया पंप हाउस का जायजा

- मुख्यमंत्री ने औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों का बढ़ाया हौसला
- बिजली कटौती को लेकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर लगाया आरोप



**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शहर दौरे पर निकले। शहर को पानी सप्लाई करने वाले पंप हाउस का दौरा किया। मुख्यमंत्री के अचानक दौरे की खबर मिलते ही अधिकारियों में हडकंप मच गया। इस दौरान सीएम ने मौजूद अधिकारियों से पानी की सुचारू सप्लाई बनाए रखने के निर्देश दिए। सीएम सबसे पहले रामनिवास बाग स्थित पंप हाउस पहुंचे। यहां अधिकारियों से पंप चलाने की पूरी व्यवस्था को समझा तथा पानी की व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद सीएम जवाहर सर्किल स्थित जलदाय विभाग के पंप हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने पंप हाउस की कार्य प्रणाली की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी में आमजन को पेयजल किल्लत



का सामना नहीं करना पड़े। नियमित जलापूर्ति के लिए हरसंभव प्रयास किए जाए। पंप हाउस का निरीक्षण करने के बाद भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'जन-जन तक पेयजल की सहज उपलब्धता हमारी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। भीषण गर्मी के मौसम में शुद्ध जल की इसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए रामनिवास बाग पंप हाउस का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपस्थित अधिकारियों को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए हर घर निर्बाध पेयजल की आपूर्ति के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्रीष्म ऋतु के बढ़ते प्रकोप से आमजनों को राहत दिलाने के लिए हमारी सरकार मिशन मोड में सतत क्रियाशील है।' ■ पेज 3 भी देखें

**तत्कालीन कांग्रेस सरकार को कोसा:** निरीक्षण के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2022-23 में जब बिजली की दर मात्र 3.50 से 4 रुपए यूनिट थी, अगर उस समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार बिजली उधार लेने की जगह खरीद लेती तो राजस्थान की जनता परेशान नहीं होती। उन्होंने ऐसा एमओयू किया कि हमें मई-जून के महीने में अन्य राज्यों को बिजली लौटानी पड़ रही है। इसके बावजूद हमारी सरकार ने माकूल व्यवस्थाएं की हैं। हमने नए पावर हाउस भी शुरू करवाए हैं। थर्मल पावर भी हमने शुरू करवाए हैं। जितने में बिजली मिल रही है, उस पर हम खरीद रहे हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन की योजना 2023 तक पूरी होनी थी। कांग्रेस सरकार ने उस योजना को पूरा नहीं किया, लेकिन आने वाले समय में बिजली पानी की कोई भी समस्या नहीं रहेगी। हमने बिजली में 16,500 करोड़ के एमओयू किया है। हम पानी की व्यवस्था भी पूरी तरह से करेंगे। आमजन को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी।

**अधिकारियों के काम की सराहना की:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने औचक निरीक्षण के दौरान शहर में पानी व बिजली की व्यवस्था संभाल रहे अधिकारियों के काम की सराहना की। सीएम ने कहा कि दो पंप हाउस का निरीक्षण किया है। सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने माकूल व्यवस्थाएं कर रखी हैं। धूप में निकला तो मुझे कई अधिकारी धूप में ही खड़े मिले।

**जरूरी खबर**

## सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष व PTI परीक्षा संपन्न




**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2023 के तहत बुधवार को ऐच्छिक विषय इकोनॉमिक्स की परीक्षा का आयोजन अजमेर जिला मुख्यालय पर किया गया। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस विषय की परीक्षा के लिए कुल 5106 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे। इनमें से प्रश्न पत्र- प्रथम की परीक्षा में 1593 अभ्यर्थी एवं प्रश्न पत्र- द्वितीय की परीक्षा में 1588 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए।

## विधि रचनाकार परीक्षा आवेदन में संशोधन का मौका

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विधि रचनाकार (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 में संशोधन का अवसर दिया गया है। 29 मई से 7 जून 2024 तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन किए जा सकेंगे। आयोग के संयुक्त सचिव चेतन कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उक्त परीक्षा का आयोजन आगामी 14 जुलाई को किया जाना प्रस्तावित है। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## देवनानी ने जानी कांस्टिट्यूशन क्लब की कार्यशैली



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अगुवाई में चार सदस्य दल ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर क्लब की कार्य शैली और सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दल में राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और राजेंद्र गहलोत भी शामिल थे। बैठक के बाद श्री देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा द्वारा जयपुर में बनाया गया राजस्थान कांस्टिट्यूशन क्लब देश के बेहतरीन क्लबों में से एक है जो संवैधानिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को एक ही जगह पर सर्वश्रेष्ठ एवं नवीनतम सुविधा प्रदान करने का स्थान होगा।

### जिला प्रशासन ने नहर से पानी चोरी रोकने के लिए 6 टीमें बनाई, सुबह-शाम करेंगे रखवाली

# गंगनहर से पानी चोरी रोकने के लिए गश्ती दलों का गठन

**बेधड़क** | जयपुर

श्रीगंगानगर जिला प्रशासन अब गंगनहर में पानी चोरी पर काफी सख्त हो गया है। बुधवार को जिला कलेक्टर ने 6 गश्ती दलों का गठन किया है। ये दल पानी चोरी रोकेंगे। पानी की चोरी पकड़े जाने पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर करवाई जाएगी। इसके लिए सभी कार्मिकों के अवकाश भी निरस्त कर दिए गए हैं। बता दें कि दो दिन पहले ग्रामीण किसान मजदूर समिति ने गंगनहर में पानी चोरी पकड़ी थी। नहर से बड़े-बड़े पाइप लगाकर सरेआम पानी चोरी किया जा रहा था। गंगनहर प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंदर सिंह गिल ने बताया कि खखा हैड से शिवपुर



हैड के बीच पानी चोरी किया जा रहा था। किसानों की शिकायत पर जिला प्रशासन हरकत में आया है। गंग कैनाल में शिवपुर हैड से कोठा पुल तक एवं शिवपुर हैड से नीचे आर.डी. 13 से लिंक चैनल तक प्रवाहित होने वाले नहरी पानी की निगरानी के लिए 6 गश्ती दलों का गठन किया गया है।

### गश्ती दलों को उपलब्ध कराएंगे वाहन

गश्ती दल में निगरानी कार्य के लिए संबंधित खण्डों के लिए कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशानुसार नहरी पानी चोरी रोकने के लिए गश्ती दलों का गठन किया गया है। जल संसाधन वृत्त के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि इन दलों को वाहन उपलब्ध करवाए जाएंगे। दलों द्वारा शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक और सुबह 5 बजे से 9 बजे तक 30 मई को अधिशाषी अभियंता जल संसाधन उत्तर खण्ड श्रीगंगानगर एवं 31 मई को अधिशाषी अभियंता जल संसाधन दक्षिण खण्ड अपनी टीम के साथ निगरानी करेंगे। इसके बाद एक दिन छोड़कर क्रमानुसार आगामी आदेश तक निगरानी कार्य सम्पादित करेंगे।

### पानी चोरी पर होगा केस दर्ज

जिला कलेक्टर के अनुसार गश्ती दल आवंटित क्षेत्र का भ्रमण करेंगे तथा पानी चोरी पाए जाने पर उसकी वीडियोग्राफी करवाते हुए संबंधित थाना में एफआईआर दर्ज करवाएंगे। इन गश्ती दलों को वाहन अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत्त श्रीगंगानगर द्वारा उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पानी चोरी की स्थिति में राजस्व पटवारी की आवश्यकता होने पर जल संसाधन विभाग का संबंधित सहायक अभियंता उपखण्ड अधिकारी से सम्पर्क कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई कराएंगे। गठित गश्ती दलों के सदस्यों का 30 मई से कोई अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा, अगर कोई कार्मिक अवकाश पर है, तो उसका अवकाश निरस्त कर दिया गया है।

### जलदाय मंत्री ने अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

# जयपुर, अजमेर, टोंक और दूदू में बनेंगे पंपिंग स्टेशन

**बेधड़क** | जयपुर

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि जयपुर, अजमेर, टोंक एवं दूदू को भविष्य में पानी की मांग के अनुसार पंपिंग स्टेशन एवं फिल्टर प्लांट बनाने की योजना पर काम किया जाए। साथ ही जयपुर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी वर्षों में पानी की डिमांड के अनुसार भी योजना बनाई जाए। जलदाय मंत्री ने बुधवार को सूरजपुरा फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के दौरान यह बात कही।

उन्होंने आने वाले विधानसभा सत्र में पानी चोरी को लेकर कानून लाने की बात भी कही। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फिल्टर प्लांट के रख-रखाव के लिए उचित कार्रवाई की जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जाए। जलदाय मंत्री ने चीफ केमिस्ट से सूरजपुरा प्लांट के पानी के सैंपल की गुणवत्ता की जांच कराई जो निर्धारित मानक के अनुसार सही पाई गई। उन्होंने कहा कि पानी का शुद्धिकरण कर निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाए। बीसलपुर जयपुर पाइपलाइन के रखरखाव एवं पानी में किसी भी तरह का लीकेज नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने बताया कि आज विभाग के अधिकारियों के साथ सूरजपुरा प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस प्लांट के जरिए जयपुर, अजमेर और टोंक जिले में पानी सप्लाई किया जाता है। उन्होंने कहा कि 95 फीसदी व्यवस्थाएं बिल्कुल सही मिली और जो खामियां दिखाई थीं, उसके लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वास्तव में पानी की बड़ी दिक्कत है। 2022 के मुकाबले 2023 में पानी 23 प्रतिशत कम बरसा था। इस भीषण गर्मी में हमारी जिम्मेदारी है कि आम जनता को शुद्ध और पूरा जल मिले।



### लीकेज व चोरी रोकने के लिए मॉनिटरिंग

जलदाय मंत्री ने कहा कि लीकेज और पानी चोरी को रोकने के लिए प्रॉपर मॉनिटरिंग के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। गर्मी में टैंकरों से भी पानी सप्लाई किया जा रहा है। प्रदेश में 3000 टैंकरों से शहरों और 9000 टैंकरों के जरिए शहर में पानी सप्लाई किया जा रहा है। मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि पानी की पूर्ति के लिए पुराने पड़े ट्यूबवेल और हेड पंप को सही किया जा रहा है। इसके अलावा 700 नए ट्यूबवेल और 1800 नए हेड पंप मंजूर किए गए हैं। मंत्री चौधरी ने कहा कि भीषण गर्मी में पेयजल से जुड़ी हर समस्या के समाधान के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम के अलावा हर जिले में कंट्रोल बनाया गया है।

### अवैध कनेक्शन के खिलाफ अभियान

उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो पाइपलाइन है उसमें क्षमता से अधिक पानी सप्लाई किया जा रहा है। इससे ज्यादा कैपेसिटी अगर बढ़ाई जाएगी, तो हो सकता है पाइपलाइन फट जाए। लीकेज और अवैध कनेक्शन को लेकर 50 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। गर्मी खत्म होने पर अवैध कनेक्शन के खिलाफ एक अभियान चलाया जाएगा और आने वाले विधानसभा सत्र में पानी की चोरी के संबंध में एक कानून भी लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि कम से कम पानी का दोहन करें। इसके लिए भी काम किया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी पानी बचा रह सके। कन्हैया चौधरी ने कहा कि उच्च अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई है जिसमें आने वाले समय में जयपुर की पानी को लेकर बढ़ने वाली डिमांड, बीसलपुर से जयपुर के लिए बनने वाले सेकंड फेस का काम और फॉरेस्ट की जमीन लेने की कार्य योजना के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास 1000 एमएलडी पानी की क्षमता का पंप हाउस है। लेकिन आने वाली भविष्य में हमें 2000 एमएलडी पानी की आवश्यकता होगी। तो इसके लिए पंप हाउस कहां और कैसे बनेगा, इसके लिए बजट कैसे आएगा, इस संबंध में चर्चा की गई है।

### पूर्व मंत्री भंवरलाल शर्मा को श्रद्धांजलि

# भाजपा रूपी पौधे को वटवृक्ष बनाने में जीवन किया समर्पित



**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व. भंवरलाल शर्मा की पुण्यतिथि पर बुधवार को भाजपा कार्यालय में उनको पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर जयपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा, प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उन्हें पुष्प अर्पित कर नमन किया।

जयपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि पूज्य पिताजी ने जनसंघ से लेकर भाजपा के गठन तक संगठन के पौधे को अपने अंतर्मन से सींचकर विशाल वटवृक्ष बनाने में जीवन समर्पित किया। भाजपा के प्रति उनका समर्पण भाव, विचारधारा और सिद्धांतों से हमें सदियों तक जनसेवा की सीख मिलती रहेगी। वहीं प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि भाजपा में स्व.भंवर लाल शर्मा का योगदान अतुलनीय है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को इनके पदचिह्नों पर चलना चाहिए। पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अनिल सिसोदिया, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ और प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पाजंली अर्पित की।

### जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

# व्यापारियों ने उठाई मेन रोड स्थित बरसाती नाले की सफाई की मांग

**बेधड़क** | जयपुर

गोपालपुरा बाइपास व्यापार मंडल ने मेन रोड स्थित बरसाती नाले की सफाई की मांग उठाई है। व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन गोयल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण मंजू राजपाल से मुलाकात की और वर्षो से इस नाले की सफाई नहीं होने के बारे में अवगत कराया।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि हर मानसून में गोपालपुरा बाईपास में रोड पर तीन-तीन फीट तक पानी भर जाता है। 3 फीट चौड़ा होने के बाद भी उसमें मिट्टी भरी हुई है। बरसों से इस नाले की



सफाई नहीं हुई है। नाले को लेकर नगर निगम और जेडीए एक-दूसरे की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ देते हैं। इसके कारण नाले की सफाई नहीं हो पाती और हजारों व्यापारी और आमजन बरसात के दौरान परेशानी उठाने को मजबूर होते हैं। बरसात के समय पानी भरने से दुर्घटनाएं भी होती है। वहीं दुकानों और शोरूम में पानीभर जाता है। जेडीए आयुक्त ने आश्वासन दिया की बरसात से पहले पहले इस नाले की सफाई कराई जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री हरीश मल्होत्रा, उपाध्यक्ष राजकुमार जैनानी, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र कुमार गर्ग व अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### 30 वर्षों से बंद रास्ता खुलने पर लोगों ने जताई खुशी

# पुष्कर तहसीलदार सृष्टि जैन के प्रयास लाए रंग

**बेधड़क** | जयपुर

लाडपुरा सरहद से ग्राम गोविंदगढ़ तक तीस वर्षों से बंद रास्ते को खुलवाने से आमजन में खुशी की लहर दिखाई दी। पुष्कर तहसीलदार सृष्टि जैन के प्रयासों से वर्षों से बंद इस रास्तो को खुलवाने से आमजन ने राहत महसूस की है वहीं प्रशासनिक टीम का आभार जताया है।

पांच किलोमीटर के इस रास्ते के खुलने से अब तीन गांवों के लोगों को आवागमन में राहत मिल सकेगी। तहसीलदार सृष्टि जैन के आदेश के बाद टीम प्रभारी नीलम राठौर, नायब तहसीलदार पुष्कर के नेतृत्व में राजस्व टीम के सदस्य भू-निरीक्षक सत्यनारायण सिंह, ओमप्रकाश चरण, रामअवतार डेवाल एवं



पटवारी ललित किशोर, संग्राम सिंह आकाश, मनोज, भेरूलाल पटवारी द्वारा मौके पर रास्ते का सीमा ज्ञान किया और जेसीबी की सहायता से अवरोधों को हटाकर रास्ता खुलवाया गया। कार्यवाई के दौरान पड़ोसी खातेदार एवं अन्य ग्रामवासी मोजुद रहे ग्रामवासियों ने टीम का आभार व्यक्त किया। इस रास्ते के खुलने से गांव लेसवा, लाड़पुरा गोविन्दगढ़ के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी।

### दिलावर के बयान पर कांग्रेस का पलटवार

# शिक्षा मंत्री करते हैं आधारहीन व अनर्गल बयानबाजी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में भीषण गर्मी से पारा उबल रहा है। इस बीच भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप और बयानबाजी ने भी सियासी तपिश बढ़ा दी है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री को भ्रष्टाचार का अड्डा बता दिया है। दरअसल, भीषण गर्मी के बीच बिजली और पानी की किल्लत को लेकर बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ। जो अब व्यक्तिगत बयानबाजी तक पहुंच गया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भ्रष्टाचार को लेकर




पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर निशाना साधा, तो कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री को भ्रष्टाचार का अड्डा बता दिया।

### ...तो मंत्रीजी जेल में मिलते

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक्स हैंडल से की गई पोस्ट में लिखा गया है कि 'जिस राज्य का शिक्षा मंत्री स्वयं अपराध का अड्डा हो, वहां शिक्षा की दिशा और दशा क्या होगी? शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की आपराधिक कुंडली देखिए, 14 मामले दर्ज हैं। अगर कोर्ट से राहत नहीं मिली होती, तो मंत्री जी अभी जेल में मिलते। जैसा चरित्र वैसी वाणी! इसीलिए तो मंत्री जी, शिक्षा की बजाय हर वक्त अनर्गल और आधारहीन बयान देते रहते हैं।'

### मदन दिलावर ने लगाए थे भ्रष्टाचार के आरोप

दरअसल, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को कहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंत्रियों और विधायकों को लूट की खुली छूट दे रखी थी। ऐसे भ्रष्टाचारियों को हमें सीख देने की जरूरत नहीं है। मदन दिलावर इससे पहले भी कई बार अपने बयानों में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा चुके हैं।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने साधा निशाना

# कांग्रेस के कुप्रबंधन से प्रदेश में बिजली संकट

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि प्रदेश में बिजली संकट पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के बिजली कुप्रबंधन की ही देन है।

पूरे पांच साल अधिकतर समय प्रदेश की बिजली उत्पादन इकाइयां ठप रही। सरकार ने निजी विद्युत उत्पादन कर्ताओं से महंगी बिजली खरीदकर जनता की जेब पर डाका डाला। राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में बिजली की आपूर्ति के लिए तत्कालीन सरकार ने बैंकिंग समझौते के जरिए दूसरे राज्यों से बिजली ली थी,आज उसी समझौते के तहत इस भीषण गर्मी में 147 लाख यूनिट बिजली दूसरे राज्यों को चुकानी पड़ रही है। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में बिजली संकट को दूर करने और बिजली उत्पादन के मामले में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने हेतु भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने विद्युत निगमों और केंद्रीय उपक्रमों के बीच थर्मल और अक्षय ऊर्जा उत्पादन के नए प्रोजेक्ट के लिए करीब 1.60 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए गए हैं। यह आने वाले दिनों में प्रदेश में बिजली संकट को रोकने में सार्थक साबित होंगे।

**जरूरी खबर**

### गर्मी में ड्यूटी पर स्वच्छता प्रहरियों को पिलाई छाछ



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम ने अनूठी पहल करते हुए तेज गर्मी में ड्यूटी कर रहे स्वच्छता प्रहरियों को बुधवार को छाछ पिलाई। हेरिटेज निगम हवामहल जोन उपायुक्त करतार सिंह ने कहा कि इस भीषण गर्मी में हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने निर्देश दिए थे कि निगम कर्मी अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। गर्मी के देखते हुए सुबह 5 बजे से सफाई शुरू हो जाती है। ऐसे में निरीक्षण के दौरान आमेर रोड पर सफाई कर रहे निगमकर्मियों को छाछ पिलाई गई।

### गर्मी की छुट्टियों के दौरान चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**जयपुर।** जगतपुरा स्थित उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में एनडब्लूआर के जीएम अमिताभ की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस दौरान चारों मंडलों के रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़े। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बैठक में जीएम ने कहा- गर्मी के मौसम में छुट्टियों के दौरान यात्री भार अत्यधिक बढ़ जाता है, इसको देखते हुए यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए समीक्षा कर नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे लगाए जाएं। इसके साथ ही दूसरे रेलवे मंडल के साथ समन्वय कर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने की बात कही। जीएम ने कहा- रेलवे में चैन पुलिंग की घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जाना चाहिए, इसके लिए रेलवे सुरक्षा बल और वाणिज्य विभाग को संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करनी चाहिए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**राजकोट अग्निकाण्ड के बाद कार्रवाई, 50 कॉमर्शियल भवनों का औचक निरीक्षण**

# फायर सेफ्टी में खामी मिलने पर 21 भवनों का किया चालान

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज ने अग्निशमन सुरक्षा यंत्रों में खामी पाए जाने पर बुधवार को 21 कॉमर्शियल भवनों के खिलाफ कार्रवाई की है। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर आदर्श नगर जोन एवं फायर उपायुक्त युगांतर शर्मा के नेतृत्व में चालानी कार्रवाई की गई है। इस संबंध में उपायुक्त फायर युगांतर शर्मा ने बताया कि गुजरात के राजकोट अग्निकाण्ड के बाद निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने स्कूल, गेंमिंग जोन, अस्पताल सहित अन्य कॉमर्शियल भवनों के निरीक्षण के निर्देश दिए थे। फायर शाखा के अधिकारियों के साथ बुधवार को हेरिटेज निगम क्षेत्र में चारों जोन में 50 कॉमर्शियल भवनों का औचक निरीक्षण किया गया। इनमें 21 भवनों में फायर सेफ्टी में खामी नजर आई। ऐसे में हेरिटेज निगम की ओर से सभी 21 भवनों का पांच-पांच हजार रुपए का चालान किया गया।

#### खामियां नहीं सुधारी तो सीज की कार्रवाई

भवन मालिक को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में खामियां नहीं सुधारी गई तो सीज की कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त युगांतर शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम क्षेत्र में फायर सेफ्टी की जांच के लिए लगातार औचक निरीक्षण किए जाएंगे और कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में सीएफओ देवेन्द्र मीणा, एएफओ घनश्याम, कुलदीप और फायर शाखा के दीपचंद, रमेश शर्मा मौजूद रहे।

## ...इधर, दो स्थानों पर अवैध भवनों को किया सील

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को जोन-4 में मदर टैरेसा नगर के भूखण्ड संख्या-111 में बिना उपविभाजन कराये जेडीए की बिना अनुमति-स्वीकृति के सैटबैक एरिया को कवर कर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बेचान कर निर्मित 03 अवैध डुप्लेक्स (विला) की सीलिंग की कार्रवाई की गई। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार जोन-12 में ग्राम निवारू लालचन्दपुरा रोड़ पर जेडीए की बिना अनुमति-स्वीकृति के 04 मंजिला रूपलक्ष्मी केषल एवं हॉटल के संचालन के साथ-साथ खसरा नं.-346 पर स्टेज, विवाह स्थल के साथ लगती कॉलोनी के भूखण्ड संख्या-158, 155, 18, 19 पर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बने जनरेटर हाउस, बाथरूम, टॉयलेट, रसोई इत्यादि की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुए व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जाएगी।

उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-04 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा की गई।




**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आराध्य के मंदिर में की पूजा-अर्चना**

# गोविंद के चरणों में शीश नवाकर की प्रदेश में खुशहाली की कामना

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर के आराध्यदेव गोविंददेव जी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। शर्मा इसके पश्चात पूर्व मंत्री स्व. भंवरलाल शर्मा की चतुर्थ पुण्य तिथि पर गोविंददेव जी मंदिर परिसर के सत्संग भवन में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा, जांच एवं परामर्श शिविर में पहुंचे और उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्व. भंवरलाल शर्मा का सम्पूर्ण जीवन जनसेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जन प्रतिनिधि के रूप में लोकतंत्र के मूल्यों को सींचा और बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. भंवरलाल जी ने मेहनती और निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश में मजबूत बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी के लिए काम करते हुए उन्हें भी स्व. भंवरलाल शर्मा के साथ काम करने का मौका मिला था, जिसकी कई स्मृतियां आज भी उनके मन-मस्तिष्क में जीवित हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को स्व. भंवरलाल के दिखाए मार्ग पर चलने की सलाह दी।





#### भंवरलाल शर्मा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर शिविर में पहुंचे सीएम, दी पुष्पांजलि

गौरतलब है कि स्व. भंवरलाल शर्मा की चतुर्थ पुण्य तिथि पर गोविंददेव जी मंदिर परिसर के सत्संग भवन में बुधवार को निःशुल्क चिकित्सा, जांच एवं परामर्श शिविर लगाया गया था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को गोविंददेवजी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद शिविर में पहुंचे। यहां पर स्व. भंवरलाल शर्मा की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

**18 गाड़ियों ने 4:30 घंटे में पाया काबू**

## टेंट हाउस गोदाम में आग, करोड़ों का सामान हुआ राख



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में टेंट के एक गोदाम में बुधवार सुबह भीषण आग लगने से उसमें रखा करोड़ों रुपए का माल जलकर राख हो गया। आग से पास ही स्थित कोकरी गोदाम में नुकसान हुआ है। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने फायर बिग्रेड की 18 गाड़ियों की मदद से करीब साढ़े चार घंटे में आग पर काबू पाया। आग से गोदाम में पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

सीएफओ गौतम लाल ने बताया कि रोड नंबर-9 विश्वकर्मा में जितेंद्र गर्ग का जनता टेंट हाउस के नाम से गोदाम है। सुबह करीब 7:45 बजे अचानक बंद गोदाम के अंदर से धुआं उठने लगा। देखते ही देखते गोदाम में रखा सामान के जलने लगा और आग ने विकराल रूप ले लिया। टेंट गोदाम से आग की भीषण लपटें उठती देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। विश्वकर्मा थाना पुलिस को टेंट गोदाम में आग की सूचना दी गई। पुलिस ने तुरंत बिजली बंद करवाकर फायर बिग्रेड डिपार्टमेंट को सूचना दी। आग इतनी भीषण थी कि टेंट गोदाम के पास कोकरी के गोदाम को भी चपेट में ले लिया। फायर बिग्रेड के मौके पर पहुंच कर तुरंत कोकरी गोदाम की आग पर काबू पाया। पुलिस ने फायर बिग्रेड की 18 गाड़ियों की मदद से करीब 4:30 घंटे में आग पर काबू पाया।

**मांगों को लेकर अशैक्षणिक कर्मचारी दे रहे धरना**

## भीषण गर्मी में प्रदर्शन, मांग रहे भत्ता

**बेधड़क** | जयपुर

डॉ. एम.पी.के. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज व अस्पताल (होम्योपैथिक विश्वविद्यालय) कर्मचारी यूनियन (सीटू) के बैनर तले होम्योपैथिक विश्वविद्यालय सायपुरा सांगानेर जयपुर के अशैक्षणिक कर्मचारी धरना दे रहे हैं। वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी और हीट वेव होने के पर भी अभी तक होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज व अस्पताल प्रशासन ने कोई सुध नहीं ली है, लगता है प्रशासन की मानवीय संवेदना खत्म हो चुकी है। कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष दीपक भार्गव ने बताया कि इसके चलते कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है।



**ब्लाइंड मर्डर: प्रेम-प्रसंग में पत्नी के इशारे पर की थी प्रेमी ने हत्या**

## कोल्ड ड्रिंक पिलाई और घोंप दिया चाकू

**बेधड़क** | जयपुर

हरमाड़ा थाना पुलिस ने रिकवरी एजेंट के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास 300 सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालकर प्रेमी व मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कन्हैयालाल ने कजोड़ सिंह की हत्या उसकी पत्नी रमा कंवर के इशारे पर गला रेंतकर की थी।

आरोपी कन्हैयालाल वाटिका सांगानेर इलाके और रमा देवी हरमाड़ा इलाके की रहने वाली है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कजौड़ सिंह एक कंपनी में रिकवरी एजेंट का काम करता था। वह पहले प्रतापनगर इलाके में किराए से रहता था। तीन साल पहले कन्हैयालाल की मुलाकात रमा कंवर से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। ऐसे में कजौड़ सिंह को रास्ते से हटाने के लिए आरोपियों ने उसकी हत्या की प्लानिंग की थी। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद बिश्नोई ने बताया कि मृतक कजोड़ के ऑफिस आने-जाने की पूरी जानकारी रमा कंवर से वाट्सएप कॉल करके लेता था।

जब कजोड़ ऑफिस घर पर आ रहा था तो बीच रास्ते में उसको कन्हैयालाल मिल गया। कजोड़ ने कन्हैयालाल को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और पास में एक दूकान से कोल्ड ड्रिंक खरीद ली। दोनों करीब एक घंटे तब बैठे रहे और कन्हैयालाल ने अचानक बैग से चाकू निकालकर कजोड़ की गर्दन पर हमला कर दिया। जब कजोड़ जान बचाकर खाली भूखंड की तरफ भगा तो कन्हैयालाल पीछा करके वहां पर आ गया और ताबड़तोड़ चाकू से गर्दन पर वार करके उसकी हत्या कर दी। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी ने पुलिस को भ्रमित करने के लिए कजोड़ का प्राइवेट पार्ट काट दिया, ताकि पुलिस कजोड़ की हत्या का कारण प्रेम-प्रसंग समझे।

**निगम हेरिटेज और ग्रेटर की कार्रवाई**

# चार बीघा जमीन खाली करवाई, 84 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज और ग्रेटर, दोनों नगर निगम इन दिनों अतिक्रमण हटाने और शहर में सफाई के लए अभियान चलाने के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर भी कार्रवाई कर रही हैं। इसी कड़ी बुधवार को हेरिटेज नगर निगम ने जहां आगरा रोड पर करीब चार बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया वहीं ग्रेटर निगम ने 84 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की।

नगर निगम हेरिटेज ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए आगरा रोड स्थित जामडोली योजना की करीब चार बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में उपायुक्त लैण्ड श्रवण कुमार ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर जामडोली योजना में लैण्ड शाखा ने कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि शाखा को हेरिटेज निगम की जामडोली योजना की चार बीघा जमीन पर अस्थाई अतिक्रमण की सूचना मिली थी।

जिस पर उपायुक्त लैण्ड शाखा के निर्देश पर उप नगर नियोजक राजेश कुमार शर्मा, सहायक नगर नियोजक शिवांगी अजमेरा ने अपनी टीम के साथ मौका मुआयना किया। इस पर योजना की जमीन पर अस्थाई अतिक्रमण पाया गया। जिसमें अतिक्रमियों द्वारा चारदीवारी और कच्चे निर्माण कर लिए गए थे। ऐसे में आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर उपायुक्त लैण्ड श्रवण कुमार के नेतृत्व में सतर्कता शाखा ने जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण को हटा दिया। इस दौरान योजना क्षेत्र की उबड़— खाबड़ खाली जमीन को भी समतल कर हेरिटेज निगम के कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के दौरान शाखा के जेईएन ललित चौधरी, वरिष्ठ प्रारूपकार सौरभ लेखरा, पटवारी हेमलता पंवार और सतर्कता शाखा टीम और स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहे।



#### 1 लाख 33 हजार रुपए से अधिक का किया जुर्माना

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर 27 से 29 मई तक सघन सफाई अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत सभी जोनों द्वारा वार्डो में सफाई अभियान चलाकर सफाई की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की गई, ओपन कचरा डिपो समाप्त किए गए, खुले में कचरा फैलाने वालों से जुर्माना वसूला गया। तीन दिवसीय इस अभियान के तहत 84 किलो से अधिक प्लास्टिक जब्त किया गया साथ ही 1 लाख 33 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। आयुक्त रुकमणि रियाड़ ने बुधवार को झोटवाड़ा जोन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने आमजन से सफाई व्यवस्था का फीड बैक भी लिया। इसके साथ ही सीएनडी वेस्ट फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये। इसके साथ ही निर्माणधीन मकानों पर ग्रीन नेट नहीं लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## जरूरी खबर

### तीन शिकारियों को वन विभाग ने दबोचा



**धौलपुर।** सरमथुरा क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने तीन शिकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पांच मृत खरगोश और तीन टोपीदार बंदूक भी बरामद की है। क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पप्पू (35), भीम सिंह (28) और सीताराम (32) हैं, जो कि करौली के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी वन्य जीवों का शिकार कर तस्करी करते हैं। तीनों को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगातार प्रयास कर रही थी।

### उम्र कैद की सजा काट रहा कैदी खुली जेल से फरार

**धौलपुर।** जिला कारागृह की खुली जेल में बंद एक कैदी फरार हो गया है। हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा सवाई माधोपुर जिले का रहने वाला कैदी रोजाना की तरह सुबह काम करने के लिए जेल से निकला था, जो देर शाम तक वापस नहीं लौटा। इस पर जेल प्रशासन ने कोतवाली पुलिस थाना में मामला दर्ज कराया है। जेल अधीक्षक पूरन चंद्र शर्मा ने बताया कि साल 2008 में गंगापुर सिटी में हुई हत्या के मामले में आरोपी गजानंद उर्फ गज्जा निवासी बामनवास को 1 फरवरी 2012 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। वह 28 मई की सुबह काम करने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

### रोडवेज की बस कंटेनर से टकराई, मची चीख-पुकार



**कोटपूतली।** जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग पर पावटा में प्रागपुरा फ्लाईओवर पर एक केमिकल से भरे खराब कंटेनर से हरियाणा रोडवेज की बस ओवरटेक करते समय टकरा गई। दुर्घटना के बाद रोडवेज में सवार सवारियों की चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद कंटेनर से केमिकल रिसकर राजमार्ग पर फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और घायलों को निकालने में जुट गए। ग्रमीणों ने प्रागपुरा थाना पुलिस को भी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा पहुंचाया। बस कंडक्टर सुदेश कुमार ने बताया कि राओवरटेक करते समय बस कंटेनर से टकरा गई।

---

**झालावाड़ के जिला अस्पताल और जनाना हॉस्पिटल में नहीं मिले आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम**

# वेंटिलेटर पर जिला अस्पताल का फायर सिस्टम, मिली खामियां

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले के मेडिकल कालेज से संबद्ध एवं जिला अस्पताल का फायर सिस्टम खुद वेंटिलेटर पर है। देश में राजकोट गेमिंग जोन व दिल्ली के अस्पताल में हुई आगजनी की घटनाओं से भी जनाना अस्पताल प्रशासन ने सबक नहीं लिया है।

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजकीय हीरा कुंवर बा जनाना अस्पताल में फायर सिस्टम ही नहीं है। बिल्डिंग के तीसरे माले पर सिर्फ फायर हाइड्रेंट सिस्टम लगा है, जबकि अस्पताल के प्रथम तथा द्वितीय तल पर भर्ती मरीज और परिजनों की आग से सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। अस्पताल की ये हालात उस समय सामने आई, जब झालावाड़ नगर परिषद की फायर सेफ्टी शाखा की टीम ने हीरा कुंवर बा जनाना चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। शाखा के सहायक अग्निशमन एवं फायर एनओसी टीम प्रभारी भानुप्रताप सिंह ने निरीक्षण के दौरान बताया कि जिले के एसआरजी जिला अस्पताल और जनाना अस्पताल दोनों ही चिकित्सा संस्थानों में फायर सेफ्टी से संबंधित भारी कमियां हैं।




उन्होंने कहा कि एसआरजी चिकित्सालय के आईपीडी ब्लॉक में लगा हुआ फायर हाइड्रेंट सिस्टम पूरी तरह खराब है। ओपीडी ब्लॉक में फायर हाइड्रेंट सिस्टम ही नहीं है। अस्पताल में तीन फायर वाटर पंप लगे है, लेकिन दो पूरी तरह से बंद है।

#### निरीक्षण के दौरान ये कमियां भी दिखी

फायर एनओसी टीम प्रभारी भानुप्रताप सिंह ने आशंका जताई कि यदि यहां कभी अग्निकांड की कोई घटना हो जाए तो पूरे अस्पताल में प्रेशर से पानी पहुंचाना नामुमकिन है। इसके अलावा जनरेटर कक्ष, ऑक्सीजन प्लांट, चिलर एसी प्लांट आदि जगह फायर अलार्म नहीं लगे हैं। उन्होंने बताया कि किसी बड़ी दुर्घटना या हादसा होने पर यहां बचाव के साधन पर्याप्त रूप से मौजूद नहीं है। ऐसे में हादसे के समय बड़ा नुकसान हो सकता है। फायर एनओसी टीम के प्रभारी ने बताया कि आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए अस्पताल परिसर में संसाधन होना जरूरी है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जन हानि या बड़ा नुकसान होने से रोका जा सके।

#### प्रस्ताव भिजवा रखे हैं सरकार को

इस बारे में जनाना अस्पताल अधीक्षक डॉ. रविन्द्र मीणा ने कहा कि अस्पताल में फायर सेफ्टी के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी में बजट की समस्या आड़े आ रही है। पर्याप्त रूप से बजट नहीं होने के चलते संसाधनों की कमी बनी हुई है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा हुआ है। उन्होंने कहा कि जो संसाधन हैं, उनके साथ ही कर्मचारियों की रेंडम मॉकड्रिल की जाती है। फायर सेफ्टी को लेकर जनाना अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह तैयार है।

---

**कुनबा बढ़ा: कैमरा ट्रैप में मां के साथ दिखाई दिए दोनों नए मेहमान**

# सरिस्का से खुशखबरी... बाघिन ST-27 ने 2 शावकों को दिया जन्म

**बेधड़क** | अलवर

सरिस्का बाघ अभयारण्य से एक बार फिर खुशखबरी मिली है। यहां बाघिन एसटी-27 ने पहली बार शावकों को जन्म दिया है। सरिस्का में करीब ढाई महीने में दूसरी बार खुशी की खबर मिली है। इससे पहले 13 मार्च को बाघिन एसटी-12 तीन शावकों के साथ नजर आई थी। सरिस्का के लिए वर्ष 2024 खुशियां लेकर आया है, जिससे सरिस्का आबाद होता जा रहा है।

सरिस्का में अभी 11 नर, 14 मादा और 10 शावक बाघ हैं। वन मंत्री ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए सरिस्का के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सरिस्का में बाहर से और टाइगर लाने के प्रयास किए जाएंगे। बाघों की संख्या बढ़ने से पर्यटन बढ़ेगा। सरिस्का बाघ अभयारण्य में बाघिन एसटी-27 ने पहली बार शावकों को जन्म दिया है। बाघिन एसटी-27 की टैरिटरी टहला और अजबगढ रेंज रही है। कैमरा टैप में शावकों के साथ बाघिन इसी क्षेत्र में दिखाई दी है। बाघिन एसटी-27 के साथ दिखे शावकों की उम्र करीब 2 महीने है।



#### एसटी-14 बन गई नानी

बाघिन-27 एसटी-14 की संतान है। दो शावकों के कैमरा टैप में दिखाई देने के बाद कहा जा रहा है कि बाघिन एसटी-14 भी नानी बन गई है। वन्यजीव प्रेमियों के अनुसार बाघिन एसटी-27 के साथ करीब दो दिन पहले एक शावक दिखाई दिया था, इसके बाद बाघिन एसटी-27 की गतिविधियों पर नजदीक से नजर रखी गई।

#### सरिस्का में अब हो गए 35 बाघ

मंगलवार रात को इस बाघिन के साथ कैमरा टैप में 2 शावक नजर आए। सरिस्का के डीएफओ महेन्द्र शर्मा ने बताया कि बाघिन एसटी-27 के साथ दो शावक दिखे हैं। सरिस्का में अब बाघों का कुनबा 35 हो गया है। वन मंत्री संजय शर्मा ने सरिस्का में 2 नए शावक दिखाई देने पर खुशी जताई है। साल 2004 में सरिस्का से बाघों का सफाया हो गया था, लेकिन 2008 में तत्कालीन सरकार ने सरिस्का में बाघों का पुनर्वास कराया था। विश्व में पहली बार ऐसा हुआ था।

#### सरिस्का की टीम कर रही मॉनिटरिंग

सरिस्का प्रशासन की ओर से बाघिन और उनके शावकों पर नजर रखी जा रही है। सरिस्का की टीम उनकी मॉनिटरिंग कर रही है। जगह जगह कैमरे लगाए गए। अभी बाघिन का फिलहाल टहला रेंज में मूवमेंट है। सरिस्का में लगातार बाघों का कुनबा बढ़ रहा है। सरिस्का का एक बाघ जमवारामगढ़ के जंगल में मूवमेंट कर रहा है। जबकि बफर जोन में कुल 7 बाघ है। अन्य बाघ सरिस्का के घने जंगल में घूम रहे हैं। इसके अलावा बाघ एसटी-13 बीते ढाई साल से लापता है।

---

**साइबर ठगी गैंग के चार शातिर गिरफ्तार**

## पुराने सिक्के बेचने का झांसा देकर लगाते थे लोगों को चूना

**बेधड़क** | अलवर

साइबर ठगी के लिए देशभर में बदनाम मेवात इलाके में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तिजारा इलाके में पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ठगी करने वाला गिरोह के बदमाश सोशल मीडिया पर पुराने सिक्के दिखाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। पकड़े गए गिरोह के बदमाश देश के 12 राज्यों में ऑनलाइन ठगी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ठगों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है।

तिजारा पुलिस को शिकायत मिली कि साइबर अपराध में शामिल कुछ लोग सोशल मीडिया पर लोगों को पुराने सिक्के दिखाकर ठगी कर रहे हैं। पुलिस ने इस अपराध में शामिल लोगों के बारे मे पुख्ता जानकारी जुटाई।

पुलिस ने दबिश देकर साहून (24) निवासी तिजारा, इमरान (21) निवासी तिजारा, राहुल (24) और जुबेर (35) को गिरफ्तार कर लिया। भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठ मैत्रेयी ने बताया कि तिजारा एरिया में टटलूबाजों द्वारा साइबर ठगी करने की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान पता चला कि साइबर ठगी करने वाले लोग से फेसबुक पर पुराने सिक्के दिखाकर उसके बदले लाखों रुपए ठग रहे हैं। इसके अलावा ठग गिरोह नटराज पेंसिल की पैकिंग का काम दिलाने का झांसा देकर फ्रॉड करते हैं। इस पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है। पूछताछ में पता लगा है कि गिरोह अब तक हजारों लोगों से करोड़ों रुपए ठग चुका हैं। देश के कई राज्यों में इनका नेटवर्क फैला हुआ है। उनके खिलाफ अलग-अलग शहरों में एफआईआर दर्ज है। पुलिस इनका पुराना रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस जल्दी इस मामले में कुछ और लोगों की भी गिरफ्तारी कर सकती है।

---

**पानी-बिजली की समस्या को लेकर लगाई गुहार**

## तपती सड़क पर कनक दंडवत करते कलेक्ट्रेट पहुंचा युवा कांग्रेस कार्यकर्ता

**बेधड़क** | दौसा

जिले में नौतपा की गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर रखा है। 47 डिग्री से अधिक तापमान में लोग बिजली और पानी की समस्या से भी जूझ रहे हैं।

आमजन की इन समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस के सदस्य हरिमोहन आजाद ने बुधवार को सोमनाथ चौराहे से जिला कलेक्ट्रेट तक कनक दंडवत यात्रा निकाली और सरकार से पर्याप्त बिजली पानी देने की गुहार लगाई। दौसा में आग उगलती सड़कों और चिलचिलाती धूप के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता आजाद कनक दंडवत लगाते हुए बिजली-पानी की समस्या के समाधान की गुहार लगाने के लिए कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर गाड़ी में बिठाया और फिर कलेक्ट्रेट ले गए। जहा हरिमोहन आजाद ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा पारीक को ज्ञापन सौंपा। हरिमोहन आजाद ने कहा कि पांच दिन पहले अतिरिक्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर दौसा में बिजली-पानी की समस्या से जूझ रहे आमजन को राहत देने की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।




---

**वारदात के बाद पुलिस ने किया मौका मुआयना**

## चोरों ने मंदिर के भंडार गृह को बनाया निशाना

**बेधड़क** | चाकसू

कस्बे के गोलीराव तालाब के किनारे स्थित प्राचीन खॉल के बालाजी आश्रम से चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने भोजनालय के बर्तन भंडार को अपना निशाना बनाया। मुख्य मंदिर से लगभग 150 फीट दूरी पर संचालित भोजनशाला के बर्तन भंडार में यह वारदात करीब तीन दिन पहले हुई बताई।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन के अनुसार 25 मई को भंडार को संभाल कर आए थे। 28 मई को किसी कार्य से भंडार को खोलने का प्रयास किया तो ताला ही बदला हुआ था। ताला तोड़कर देखने पर एल्युमिनियम के 17 बड़े भगोने, 7 बड़ी परात और तसले गायब मिले। आस-पास किसी वाहन के निशान तक नजर नहीं आए। चोरी गया सामान लगभग 20 से 25 हजार रुपए की कीमत का बताया जा रहा है। मंदिर में सेवा दे रहे राधारमण दास महाराज ने बताया कि श्मशान स्थल हीरालाल का तिबारा पास ही होने से आवारा एवं नशेडी लोगों का आना-जाना बना रहता है। पिछले एक माह में दो बार जलाभिषेक के रामसागर, घंटे एवं झालर तक दिन में ही चोरी हो गए, लेकिन चोर अब तक पुलिस पकड़ से दूर है। मंदिर में यह चोरी की तीसरी वारदात है।



#### अज्ञात का शव मिला, गर्मी से एक की मौत

चाकसू व शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार को अलग-अलग जगह पर दो लोगों के शव मिले हैं। जानकारी के अनुसार शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में खड़ी एक मारुति इक्को वेन में एक व्यक्ति का शव मिला है। इसकी स्थानीय लोगों ने पुलिस को इतला सूचना दी। शिवादासपुरा थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान तेज प्रकाश निवासी तुंगा के रूप में हुई है। मृतक के शरीर पर चोट के भी निशान भी मिले है, वास्तविक मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। वहीं चाकसू थाना क्षेत्र में सड़क के किनारे एक बड़ के पेड़ के नीचे गर्मी से एक व्यक्ति की मौत हो गई। थानाधिकारी कैलाश दान ने बताया कि मृतक की पहचान रामचरण बैरवा (61) पुत्र मान बैरवा निवासी बसावली ढाणी चाकसू के रूप में हुई है।

---

**ड्राइवर को झपकी आने के कारण हुआ हादसा**

# एक्सप्रेस-वे पर बस पलटी... युवती की मौत, 25 घायल

**बेधड़क** | दौसा

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार अलसुबह एक स्लीपर बस पलट गई जिससे उसमें सवार एक महिला यात्री की मौत हो गई तथा 25 सवारियां घायल हो गई। जानकारी के अनुसार बस हरिद्वार से जयपुर आ रही थी। इसमें 40 से अधिक लोग सवार थे।

बांदीकुई सोमाडा गांव के पास अचानक ड्राइवर को झपकी आई और बस डिवाडर को तोड़ते हुए हाईवे के दूसरी तरफ पहुंच गई। स्लीपर बस डिवाइडर को तोड़ते हुए 10 फीट नीचे गिरकर पलट गई। बस में सवार एक युवती की मौत हो गई, जबकि 25 से ज्यादा अन्य सवारियां घायल हैं। घायलों को दौसा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना बांदीकुई (दौसा) में सोमाडा गांव के पास बुधवार सुबह करीब 5.30 बजे हुई।



#### तेज धमाके के बाद यात्रियों में मची चीख-पुकार

बस हरिद्वार से जयपुर जा रही थी। बांदीकुई सोमाडा गांव के पास अचानक ड्राइवर को झपकी आई और बस डिवाडर को तोड़ते हुए हाईवे के दूसरी तरफ पहुंच गई। करीब 200 मीटर रॉन्ग साइड में चलने के बाद हाईवे से 10 फीट नीचे गिरकर पलट गई। तेज धमाका और चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस और पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायलों को बस से निकाला। एंबुलेंस की मदद से 25 से ज्यादा घायलों को दौसा जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां अंकिता (19) की मौत हो गई। अंकिता बरेठा निवाई (टोंक) की रहने वाली थी। अंकिता के पिता और भाई बाल-बाल बच गए हैं।

#### तेज रफ्तार में थी बस

बस के ड्राइवर ओमप्रकाश और अरविंद को गंभीर चोट आने पर जयपुर रेफर किया गया है। घटना के समय अरविंद बस ड्राइव कर रहा था। उसकी पसलियों में फ्रैक्चर हुआ है। जानकारी के अनुसार हादसे के दौरान बस की स्पीड करीब 80 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। अचानक बस ने अपना संतुलन खो दिया और वह दूसरी साइड चली गई।

#### मुख्यमंत्री ने जताई चिंता

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बस की भीषण सड़क दुर्घटना के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने चिंता जताई। शर्मा ने ट्वीट के जरिए कहा कि हादसें में एक व्यक्ति की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुःखद है। दुर्घटना में घायल नागरिकों को अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान हो। संबंधित अधिकारियों को प्रभावितों को हर संभव मदद व घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

---

## गर्मी से राहत के लिए कोर्ट में पिलाया नींबू पानी



**चाकसू।** दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से तेज गर्मी में अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को राहत देने के लिए सिविल न्यायालय परिसर में नींबू पानी पिलाया गया। अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट-15 स्वाती व्यास एवं एमएम-19 न्यायिक अधिकारी कंचन सिंह राजावत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान में गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते नींबू पानी का अधिक से अधिक सेवन कर लू के प्रकोप से बचा जा सकता है। वही बार एसोसिएशन अध्यक्ष एनएल शर्मा, पूर्व महासचिव श्रवण लाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, अमित कुमार बाहेती, जीएल प्रजापत, जीएल प्रजापत, जितेंद्र कुमार गौतम, एपी सिंह, रामेश्वर चौधरी, मुकेश मामोडिया, मुकेश पारीक, अर्जुन सिंह राजावत, मुनव्वर खान, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## जयपुर जिले का 90.64 फीसदी रहा रिजल्ट

### माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दसवी बोर्ड रिजल्ट में जयपुर के स्टूडेंट्स का भी छाया रहा जलवा

# जयपुर में गर्ल्स का रिजल्ट 91.71 % बॉयज 89.74 फीसदी अंक पर सिमटे

**बेधड़क | जयपुर**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को 10वीं का रिजल्ट जारी किया। इस रिजल्ट में राजधानी जयपुर का रिजल्ट 90.64% रहा। रिजल्ट पिछले साल से 0.34 प्रतिशत ज्यादा रहा। रिजल्ट में एक बार फिर लड़कियों ने बाजी मारी है। लड़कियों का कुल रिजल्ट 91.71% रहा। वहीं, 89.74% लड़के पास हुए। रिजल्ट में जयपुर की तनीषा सैनी 98.17 प्रतिशत मार्क्स हासिल किए हैं। जो ग्रामोदय शिक्षण संस्थान सीनियर सेकंडरी स्कूल में पढ़ती हैं।

तनीषा के पिता इसी स्कूल में बस ड्राइवर हैं। वहीं, 94% नंबर हासिल करने वाले अविनाश चंद्रवाल के पिता मजदूर हैं। दरअसल 10वीं बोर्ड की परीक्षा 7 से 30 मार्च के बीच हुई थी। पिछले साल जयपुर का 10वीं का रिजल्ट 92.30 प्रतिशत रहा था। यह रिजल्ट परीक्षा समाप्ति के 50 दिन बाद जारी किया गया। इस साल लोकसभा चुनाव के कारण देरी हुई और रिजल्ट करीब 60 दिन बाद जारी हुआ। इसके साथ ही प्रवेशिका का रिजल्ट भी जारी हुआ। इसमें 7 हजार 63 स्टूडेंट्स हैं। इससे पहले 20 मई को राजस्थान बोर्ड ने एक साथ 12वीं साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स का रिजल्ट घोषित किया था।



### परिणाम जारी करते समय ये रहे मौजूद

परिणाम जारी करने के दौरान बोर्ड में विशेषाधिकारी नीतू यादव, वित्तीय सलाहकार रश्मि बिस्सा, परीक्षा नियंत्रक राजेश निर्वाण, उप निदेशक गोपनीय जे.पी. चिमनानी, उप सचिव राजेन्द्र पारीक, उप निदेशक परीक्षा गीता पलासिया, एसीपी नेहा स्वामी तथा सुशीला गोकलानी, मुकेश विजयवर्गीय, मोहन सिंह रावत मौजूद रहे।




### बिना टीचर मां की मदद से उर्दू में हासिल किए 99 नंबर

जयपुर के मुजम्मिल खान सेंट प्ले एकेडमी में पढ़ते हैं। मुजम्मिल के पिता सलीम खान टूरिस्ट गाइड हैं। मुजम्मिल ने सेल्फ स्टडी की है। उनके मैथ्स में 100, साइंस और उर्दू में 99 नंबर आए हैं। स्कूल में उर्दू का टीचर नहीं था। इसलिए उर्दू अपनी मां से पढ़ी। इसके बाद भी 99 अंक हासिल किए।

### पिछले साल पास हुए थे 82.89 % स्टूडेंट्स

राजस्थान में हर साल करीब 11 से 12 लाख विद्यार्थी 10वीं परीक्षा देते हैं। पिछले साल आरबीएसई 10वीं परीक्षा में कुल 82.89 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए थे। लड़कियों का पास प्रतिशत 84.38 और लड़कों का पास प्रतिशत 81.62 रहा था। नागौर जिले में जहां सर्वाधिक 91.44 प्रतिशत बच्चे पास हुए थे वहीं प्रतापगढ़ में सिर्फ 69.99 प्रतिशत बच्चे ही पास हो पाए थे। पिछले साल बोर्ड ने 12वीं साइंस और कॉमर्स स्ट्रीम का रिजल्ट 19 अप्रैल को जारी किया था, जबकि 12वीं आर्ट्स स्ट्रीम का रिजल्ट 25 मई और 10वीं बोर्ड रिजल्ट 19 जून को जारी किया गया था।



### पिता को सिलिकोसिस बीमारी फिर भी हासिल किए 96% अंक

जयपुर की ऊषा कुमावत ने 96.33% नंबर हासिल किए हैं। जो निकिता बाल निकेतन स्कूल सांगानेर में पढ़ती हैं। ऊषा के पिता सुरेश कुमावत लोहे की रेलिंग बनाने का काम करते हैं। इस मौके पर ऊषा के आंसू छलक पड़े। उन्होंने बताया- पिता एक गंभीर और लाइलाज बीमारी से पीड़ित है। उन्हें सिलिकोसिस की बीमारी है। वो पहले पत्थरों का काम किया करते थे। 10वीं की पढ़ाई के दौरान उन्हें आईसीयू में भर्ती करना पड़ा था। उस वक्त मैं काफी डर गई थी। आज भी हर वक्त डर सताता है। जब भी मैं पढ़ाई करने बैठती हूं। पिता की ऐसी हालत देख कर ठान रखा है कि मैं आगे चल कर एक डॉक्टर ही बनूंगी।

### जयपुर में 41 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स हुए पास, 24 हजार से ज्यादा फर्स्ट डिवीजन में

इधर, जयपुर जिले में कुल रजिस्टर्ड 45 हजार 992 स्टूडेंट में से 45 हजार 406 ने एग्जाम दिया था। इनमें 24,689 छात्र और 20,717 छात्राएं थी। जयपुर में कुल 41156 स्टूडेंट पास हुए, इनमें 22156 छात्र और 19 हजार छात्राएं हैं। कुल रिजल्ट 90.64 प्रतिशत रहा। जयपुर में 12677 छात्र फर्स्ट डिवीजन, 7505 छात्र सेकंड डिवीजन, 1972 छात्र थर्ड डिवीजन और 2 छात्र सिर्फ पास हुए। छात्रों का कुल रिजल्ट 89.74 प्रतिशत रहा। इसी तरह 12657 छात्राएं फर्स्ट डिवीजन, 5407 छात्राएं सेकंड डिवीजन, 934 छात्राएं थर्ड डिवीजन और 2 छात्राएं सिर्फ पास हुईं। छात्राओं का कुल रिजल्ट 91.71 प्रतिशत रहा।



### स्कूल बस ड्राइवर पिता की बेटी तनीषा ने 98.17 प्रतिशत

जयपुर की तनीषा सैनी ने 10वीं क्लास में 98.17 मार्क्स हासिल किए हैं। इनके पिता स्कूल में बस ड्राइवर हैं। राजावास से 9 km अंदर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली तनीषा सैनी भविष्य में एक डॉक्टर बनना चाहती हैं। पिता किशन लाल सैनी ने बताया कि मेरी बेटी एक डॉक्टर बनना चाहती हैं। उसने पढ़ने की ईच्छा जताई और मैं उसकी ईच्छा को पूरा करने में पूरी शिद्दत से लग गया। मेरी शिक्षा 8वीं तक ही पूरी हो पाई थी। मैने भी कभी पुलिस में भर्ती होने का सपना देखा था। लेकिन पूरा नहीं हुआ। मैंने पढ़ाई छोड़ दी थी। मजदूरी करने लगा। फिर बच्चों के स्कूल में ही ड्राइवर लग गया। मैं बच्चों की पढ़ाई के साथ खड़ा हूं। चाहे मुझे कुछ समझ न आता हो, लेकिन बच्चों की पढ़ाई का पूरा ध्यान रखता हूं।

### मजदूर का बेटा लाया 94% अंक

जयपुर के रहने वाले अविनाश चंद्रवाल ने 94% नंबर हासिल किए हैं। जो जयपुर के मालवीय नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में पढ़ते हैं। उनके पिता राजेंद्र बैरवा पेशे से मजदूर हैं। वहीं मां केशंता देवी ग्रहणी हैं। अविनाश का कहना है कि पिता को मजदूरी करते देख ठान लिया पढ़ाई कर उन्हें इस पेशे से छूटकारा दिलाना है।



### जयपुर ग्रामीण जिले में 15 हजार से ज्यादा छात्रों के फर्स्ट डिवीजन

जयपुर ग्रामीण जिले में कुल रजिस्टर्ड 50 हजार 643 स्टूडेंट में से 50 हजार 108 ने एग्जाम दिया था। इनमें 26,993 छात्र और 23,185 छात्राएं थी। जयपुर ग्रामीण में कुल 48,051 स्टूडेंट पास हुए, इनमें 25,782 छात्र और 22,269 छात्राएं हैं। कुल रिजल्ट 95.76 प्रतिशत रहा। जयपुर ग्रामीण में 15460 छात्र फर्स्ट डिवीजन, 8691 छात्र सेकंड डिवीजन, 1630 छात्र थर्ड डिवीजन और 1 छात्र सिर्फ पास हुआ। छात्रों का कुल रिजल्ट 95.51 प्रतिशत रहा। इसी तरह 15448 छात्राएं फर्स्ट डिवीजन, 5978 छात्राएं सेकंड डिवीजन, 843 छात्राएं थर्ड डिवीजन पास हुईं। छात्राओं का कुल रिजल्ट 96.05 प्रतिशत रहा।

## आदित्य शुक्लानी 10वीं बोर्ड में चाकसू उपखंड में रहे टॉप पर



- राजकीय व निजी विद्यालयों में दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर
- क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने भी दी बधाई

**चाकसू।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं का रिजल्ट बुधवार की शाम 5 बजे घोषित कर दिया गया हैं। रिजल्ट में चाकसू कस्बें की अपनत्व फ्यूचर जॉन एकेडमी स्कूल के छात्र आदित्य शुक्लानी ने 10वीं में पूरे उपखंड क्षेत्र में टॉप किया हैं। परीक्षा में 96 50% फीसदी अंक लाकर क्षेत्र में टॉपर रहा और विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर संस्था निदेशक सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया, प्रबंधक भवानी सिंह चौहान ने छात्र को बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं दुसरीं ओर मोहल्ला करार खनियाँन के रहने वाले हाफिज शाद ने 94 प्रतिशत से ज्यादा मार्क्स हासिल किए। जबकि शाद ने बोर्ड परीक्षा के दौरान पूरे माह के रोजे रखे थे और तरावीह की नमाज में कुरान सुनाया था। वहीं हाफिज शाद को दादा हाजी गफूर, पिता हाजी गुलफाम ने मुबारक दी। वहीं, कांग्रेस नेता राजेश अग्रवाल के पुत्र हर्ष अग्रवाल ने 10वीं 94.67 अंक हासिल कर सफलता अर्जित की। नगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष केदार शर्मा की पुत्री वंशिका शर्मा ने भी 92 प्रतिशत हासिल किए। यहां भी खुशी का माहौल है। इसी प्रकार गिरधारीलालपुरा के राजकीय विद्यालय के छात्र अंकित लोधा ने 94.57 फीसदी अंक पाकर परचम लहराया।

श्री श्याम कोचिंग के संचालक महावीर स्वामी ने बताया कि छात्र अंकित लोधा के पैर से विकलांगता होने पर भी अपने हौसले में कमी नहीं आने दी। पारिवारिक आर्थिक स्थिति को देखते श्री श्याम कोचिंग जयसिंहपुरा ने छात्र को फ्री ट्यूशन दी। छात्र अंकित पढ़ने में शुरुआत से ही होनहार हैं। इसकी उज्ज्वल भविष्य की कमना की। इसी प्रकार राजकीय व निजी विद्यालयों का दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेहतर रहा। वहीं सफल विद्यार्थियों को चाकसू क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा, पूर्व मंडी अध्यक्ष केलाश शर्मा, नगर पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी बधाई दी।

### लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से रहा अच्छा

जयपुर में इस बार भी लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से ज्यादा रहा है। लड़कों का कुल रिजल्ट 89.74% रहा। वहीं, लड़कियों का रिजल्ट 91.71% रहा। जयपुर शहर का कुल रिजल्ट 90.64% रहा है।

वहीं जयपुर ग्रामीण में 95.51 प्रतिशत लड़के पास हुए हैं। वहीं, लड़कियां 96.05% पास हुई हैं। ग्रामीण का ओवरऑल रिजल्ट 95.76% रहा है।

### मां ने सिलाई करके और पिता ने दिन-रात काम कर पढ़ाया

अनुराधा कंवर ने 10वीं में 90.67% नंबर हासिल किए हैं। उनकी मां ममता कंवर सिलाई का काम करती हैं। पिता लोडिंग गाड़ी चलाते हैं। परिवार मूलतः अलवर से है। लेकिन बच्चों की पढ़ाई के लिए जयपुर रहता है। अनुराधा पिता दिन-रात काम करते हैं। पूरा परिवार हसनपुरा स्थित एक छोटे से कमरे रहता है। मां 5वी तक ही पढ़ाई थी। इसलिए बेटियों को पढ़ाने में जुटी हुई हैं। अनुराधा एयर फोर्स में जाना चाहती हैं।

## सीकर में देविश लाए 600 में से 597 अंक, मिले 99.50 मार्क्स

**बोर्ड में शेखावाटी के स्कूलों ने दिया बेहतर परिणाम**

**जयपुर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) ने 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। सीकर जिले में 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए 36312 स्टूडेंट्स ने 239 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दी थी। 7 मार्च से 30 मार्च तक परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें पहला पेपर अंग्रेजी का हुआ था। सीकर में देविश को 600 में मिले 597 अंक, हासिल किये कुल 99.50 प्रतिशत मार्क्स सीकर के छात्र देविस बराला को 99.50 प्रतिशत जबकि चंचल सैनी को 99.33 प्रतिशत अंक हासिल किया है. प्रिंस स्कूल की नीतू गौरा ने 99.17 प्रतिशत, मोहित कुमारी ने 99.17 प्रतिशत, अनुष्का ने 99.00 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं. जबकि भारतीय स्कूल की छात्रा ज्योति ने भी 99.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। इसी तरह शेखावाटी की अन्य स्कूलों में भी स्टूडेंट्स ने शानदार परिणाम दिया है।

### डिजिलॉकर में रखें जाएंगे परिणाम सुरक्षित

विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से परिणाम डिजिलॉकर में भी अपलोड किया गया है, ताकि भविष्य में विद्यार्थी डिजिलॉकर पर लॉगिन करके अपना परिणाम देख सकते हैं और उसकी प्रति भी प्रिंट निकलवा सकते हैं। इस सुविधा से परीक्षार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन में भी फायदा मिलेगा।

# प्रदेशभर में होनहारों ने दिखाया परिणाम में अपनी सफलता का डंका

- घरों में छाई रही खुशियां, बंटी मिठाइयां







**जयपुर।** बोर्ड रिजल्ट में प्रदेश के सभी जिलो में होनहारों की सफलता का डंका बजता दिखाई दिया। छात्रों ने एक से बढ़कर एक परिणाम दिए।

**रींगस।** दसवीं बोर्ड रिजल्ट में कस्बें के जनता सिनेमा कॉलोनी के रहने वाले जतिन वर्मा ने भी शानदार अंक हासिल किए हैं। रिजल्ट में जतिन ने 93.83 प्रतिशत अंकों के साथ फर्स्ट डिविजन हासिल करते हुए सबको चौंकाया है।

जतिन कस्बें की सीसीए स्कूल में पढ़ते हैं। जतिन के पिता मंगलचंद वर्मा दूसरे प्रदेश में ब्रिक्स उद्योग में कार्य करते हैं और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वहीं माता रजनी देवी गृहिणी है। जतिन के इस परिणाम पर परिवारजनों और रिश्तेदारों में खुशियों का माहौल है। परिवार में पहली बार किसी सदस्य के इतने अच्छे अंक हासिल होने पर सब गदगद है। इस मौके पर दयालचंद बुनकर, सत्यनारायण मोरवाल, महेंद्र वर्मा, श्योपाल वर्मा, ओमप्रकाश कालावत, फूलचंद वर्मा, प्रेमचंद बुनकर, रमेश वर्मा, नितेश वर्मा, कालीचरण वर्मा, दिनेश वर्मा आदि ने जतिन को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

**पदमपुर श्रीगंगानगर** में एस. एस. आदर्श पदमपुर 10वीं में भी जिला टॉपर रही। 10वीं में जशनप्रीत सिंह ने 98.83% अंक हासिल। 17 बच्चों ने 90% से अधिक अंक पाए।

**कोटपूतली।** बानसूर में आरबीएसई कक्षा 10 वीं रिजल्ट में बानसूर तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सेंट जेवियर स्कूल बानसूर की छात्रा छवी चौधरी 98.67% अंक तथा आदित्य कुमार सैनी 98.33% अंक प्राप्त किए हैं। तहसील स्तर पर सेंट जेवियर स्कूल के विद्यार्थियों ने आरबीएसई कक्षा दसवीं में परचम लहराया है। स्कूल संचलक आरसी यादव ने विद्यार्थियों को दी बधाई उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं तहसील की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चतरपुरा की छात्रा ममता मौर्य ने 98.17% अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रही।

**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** लक्ष्मणगढ़ पब्लिक स्कूल के नमन खारवाल ने 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। परिणाम के बाद नमन खारवाल के घर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। विद्यालय निदेशक मोरध्वज सिंह चौधरी सहित कस्बे के गणमान्य लोगों ने छात्र सम्मान किया है।

**सिकराय।** जीनियस पब्लिक स्कूल की छात्रा सावी शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। छात्र सावी शर्मा ने अच्छे अंक लाने का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। सावी आगे नीट तैयारी करेगी।

**केकड़ी।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के घोषित सेकेंडरी परिणाम में सरकारी विद्यालय ने बाजी मारी है। यहां के सरकारी विद्यालय के छात्र रजत कुमार चौहान टॉपर रहे। रजत कुमार ने 97.83 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

**दौसा।** जिले के छात्रों ने भी परचम लहराया है। दौसा जिले का रिजल्ट 94.44 प्रतिशत रहा। जिले में 16513 स्टूडेंट प्रथम श्रेणी और 10150 द्वितीय श्रेणी व 2171 तृतीय श्रेणी से सहित कुल 28791 स्टूडेंट हुए पास हुए है। जिले के बांदीकुई सरस्वती विद्या विहार के छात्रा प्रिया मीणा ने 99% अंक हासिल किए हैं।
विकास सेंट्रल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडावर की छात्रा शिवानी सेन ने दसवीं में 98.33 प्रतिशत और मानपुर की जीनियस स्कूल की छात्रा सावी शर्मा ने 98% अंक हासिल किए। बांदीकुई की सैनी एवीएम की छात्रा गरिमा गुर्जर ने 97.33 प्रतिशत अंक हासिल किए। साथ ही जयेश ने दसवीं बोर्ड में 98.17% अंक हासिल कर माता पिता व तखतगढ़ का नाम रोशन किया है।

**सुमेरपुर।** तखतगढ़ निवासी दिनेश कुमार व माता चंपा देवी के पुत्र जयेश ने जिले की वरीयता सूची में स्थान पाकर नाम रोशन किया है। दादा जेठाराम कुमावत सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। तखतगढ़ कस्बे के चक्की गली स्थित आवास पर माता, पिता और दादा दादी ने मुंह मीठा करवाया और खुशी जाहिर की है।

**धौलपुर।** सरकारी स्कूल की छात्रा ने 10 वीं में जिला टॉप किया है। परिणाम में छात्रा ने 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। 2022 में छात्रा के पिता की मौत हो गई थी। राशि त्यागी बदरिका की रहने वाली है।

**खानपुर।** सारोला कस्बे में दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में न्यू सरस्वती माध्यमिक विद्यालय परचम लहराया है। कस्बे के जितेंद्र मालव ने 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं एलबीएस स्कूल की साक्षी जांगिड़ ने 93.50 अंक पाए।

# धर्मस्थलों के अतिक्रमण हटाने में दिखा सांप्रदायिक सौहार्द!




**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार


> *मुख्यमंत्री यादव ने सार्थक टिप्पणी करते हुए कहा था, 'मैं तो उज्जैन का ही निवासी हूं और महाकाल भगवान की शरण में ही रहा हूं। आज मेरी जो भी राजनीतिक व अन्य उपलब्धियां हैं, वो उन्हीं की कृपा और आशीर्वाद से हैं। भगवान महाकाल का दायरा कोई उज्जैन नगर निगम तक सीमित नहीं है। वे विश्व के कण-कण में व्याप्त हैं। अतएव उन्हें मुझे दंडित करना होगा तो उज्जैन नगर की सीमा से बाहर भी दंडित कर सकते हैं।*



अक्सर हमारे राजनेता या प्रदेश प्रमुख हिंदु एवं मुस्लिम संप्रदायों से जुड़े मंदिर एवं मस्जिदों के अतिक्रमण हटाने से भयभीत दिखाई देते हैं। इनके पीछे उनकी स्वयं की धार्मिक भावना एवं आस्था तो होती ही है, कहीं सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ न जाए, इसका डर भी मन में रहता है। अतएव ज्यादातर मुख्यमंत्री ऐसे अतिक्रमणों को हटाने से बचते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने अनेक धार्मिक स्थलों एवं भू-माफियाओं के अतिक्रमण हटाकर एक मिसाल पेश की है। अब ऐसा ही उदाहरण मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में पेश किया है। उन्होंने उज्जैन के केडी मार्ग चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने में दृढ निर्णय के साथ सभी धर्मावलंबियों और शासन के बीच सामंजस बिठाकर इन अतिक्रमणों को हटाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है। कुल 18 धार्मिक स्थलों के अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। इनमें 15 मंदिर, 2 मस्जिद और एक मजार शामिल है। इन्हें पीछे करने या अन्य स्थल पर स्थापित रजामंदी से किया जा रहा है। जो भी धार्मिक स्थल विस्थापित किए जा रहे हैं, उन्हें उनके धार्मिक विधि विधान से प्रशासन के जरिए स्थापित कराया जाएगा। जिन भवनों में अतिक्रमण किए हैं, उन्हें भवन मालिक स्वयं हटा रहे हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव पूरी तरह धार्मिक हैं, लेकिन उनमें धर्मजन्य मिथकीय जड़ता नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने इस पद पर असीन होने के बाद पहली बार उज्जैन में रात बिताने का निश्चय किया था। इस खबर के फैलने के बाद कथित धर्म के प्रचारकों ने प्रश्न उठाया कि राजा महाकाल की नगरी की परिधि में कोई दूसरा राजा या मुखिया रात बिताएगा तो उसे महाकाल के आक्रोश से पद गंवाना पड़ सकता है। इस पर मुख्यमंत्री यादव ने सार्थक टिप्पणी करते हुए कहा था, 'मैं तो उज्जैन का ही निवासी हूं और महाकाल भगवान की शरण में ही रहा हूं। आज मेरी जो भी राजनीतिक व अन्य उपलब्धियां हैं, वह उन्हीं की कृपा और आर्शीवाद से हैं। भगवान महाकाल का दायरा कोई उज्जैन नगर निगम तक सीमित नहीं है। वे विश्व के कण-कण में व्याप्त हैं। अतएव उन्हें मुझे दंडित करना होगा तो उज्जैन नगर की सीमा से बाहर भी दंडित कर सकते हैं। इसलिए मैं उन्हीं की शरण में उज्जैन में रात बिताऊंगा और मुझ पर उनकी कृपा भी रहेगी।' हम सब जानते हैं कि मोहन यादव ने उज्जैन में रात बिताई और महाकाल की उन पर कृपा बरसती रही।

इसी विश्वास का परिणाम है कि वे आज उन तीर्थयात्रियों के लिए उज्जैन में सुलभ मार्ग बना रहे हैं, जिनकी संख्या महाकाल लोक के निर्माण के बाद निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में एक उदार और जबावदेही शासक का दायित्व बनता है कि वह भोले शंकर के दर्शन हेतु जितने सरल उपाय हो सकें, उन्हें क्रियान्वित करें, यह काम इसी दृष्टिकोण के मद्देनजर किया जा रहा है। साफ है, जब केडी मार्ग का चौड़ीकरण पूर्ण हो जाएगा, तब दर्शनार्थी तो उसका लाभ उठाएंगे ही, प्रशासन को भी व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। अन्यथा हम देख रहे हैं कि सकरे मार्गों पर ज्यादा भीड़ बढ़ जाने के कारण कई लोग दम घुट जाने से बेमौत मारे जाते हैं।

धार्मिक यात्राओं में श्रद्धालुओं का इस तरह से मारे जाने की घटनाएं निरंतर देखने में आ रही हैं। धार्मिक नगरों में मार्गों का चैड़ा होना इसलिए भी जरूरी है कि कहीं यदि किसी होटल या अन्य भवन में आगजनी की घटना घट जाती है तो चौड़े मार्गों से सुरक्षा दलों और फायर बिग्रेड को मौके पर पहुंचने में बाधा सामने नहीं आती। यदि समय पर ये दोनों सुविधाएं घटनास्थल पर उपलब्ध हो जाती हैं तो भवन में फंसे लोगों के प्राण तो बचा ही लिए जाते हैं, आग पर नियंत्रण भी जल्द हो जाता है। इसलिए आग आसपास के इलाकों में नहीं फैल पाती। अतएव मार्गों के चौड़ीकरण में मंदिर या मस्जिद जैसी बाधाएं आती हैं तो उन्हें उज्जैन की तरह ही समन्वय व सौहार्द से हटा लेना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## शोध के अनुसार विश्व में लू से मरने वालों की तादाद में लगातार हो रही बढ़ोतरी

# देश के लिए भयावह खतरा है हीटवेव




**ज्ञानेन्द्र रावत**
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्


> *विशेषज्ञों की मानें तो हीटवेव की स्थिति मानव शरीर के लिए अत्याधिक खतरनाक होती है। इससे डिहाईड्रेशन, हीटस्ट्रोक और मौत भी हो सकती है। पिछली गर्मियों में यूरोप में इससे 61,672 से अधिक लोगों की मौत इसका प्रमाण है। इसकी चपेट में बच्चे, 80 से ज्यादा उम्र वाले बुजुर्ग, विशेष रूप से महिलाएं, फेफड़ों की पुरानी बीमारी वाले, निर्माण और श्रम से जुड़े लोग ज्यादा आते हैं। इन लोगों पर हीटवेव का जोखिम ज्यादा रहता है। फिर वह जो पहले से ही स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, उनको ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।*



देश में तेजी से हीटवेव कहें, उष्ण लहर कहें या फिर लू कहें की तीव्रता और घातकता में बढ़ोतरी हो रही है। तापमान में बढ़ोतरी से घातक लू चलने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। बीते दो दशक लू से मरने वालों की तादाद में हुई बढ़ोतरी इसके सबूत हैं। आंकड़ों के आधार पर हुए अध्ययन में खुलासा हुआ है कि दुनिया में यदि भविष्य में इसी प्रकार प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों की घटनाओं में और बढ़ोतरी हुई तो उससे लू सम्बन्धी मामलों में मृत्यु दर बढ़ने की और आशंका है। स्विट्ज़रलैंड स्थित ईटीएच ज्यूरिख यूनिवर्सिटी के शोध से इस दावे की पुष्टि हुई है।

गौरतलब है कि 2003 में यूरोप में 47.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंच गया था, जिससे लू लगने के दौरान 45 हजार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं बीते 20 सालों में यह आंकड़ा करीब एक लाख तक पहुंच गया है। इसके अलावा शोधकर्ताओं द्वारा 2013 से यूरोप, दक्षिण एशिया, लैटिन अमेरिका, अमेरिका, कनाडा सहित दुनिया के 47 देशों के 748 शहरों में रोजाना गर्मी से संबंधित मृत्यु दर संबंधी एकत्रित आंकड़ों के अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि लू की घटनाओं में कहीं भी कमी नहीं मिली है और वहां लू से मरने वालों की तादाद में बढ़ोतरी हुई है। फिर नेचर क्लाइमेट चेंज नामक विज्ञान पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में यह दावा किया गया है कि पेरिस समझौते के अनुरूप यदि योजनाओं को पूरी तरह भी लागू कर दिया जाए तो भी पृथ्वी के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने के प्रयास बेहद कठिन हैं। क्योंकि 2015 के पेरिस समझौते में इसी 1.5 डिग्री सेल्सियस औसत तापमान को दुनिया की सुरक्षा के लिए खतरनाक सीमा माना गया था। हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने कार्बन डाई ऑक्साइड में हुई रिकार्ड बढ़त और तापमान में लगातार होती बढ़ोतरी के चलते हीटवेव की भयावहता की आशंका व्यक्त की गई है। बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मौसम में आ रहे बदलाव के मद्देनजर तापमान में बढ़ोतरी, हीटवेव और उससे उपजे खतरों से निपटने को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित किया। उस बैठक का आशय जिसमें प्रधानमंत्री के अलावा प्रधान सचिव, गृह सचिव, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों ने भाग लिया, में भीषण गर्मी और उससे उपजी हीटवेव की स्थिति की बाबत और इस संकट से निपटने की दिशा में सतर्कता, सजगता और आपसी तालमेल से केन्द्र, राज्य और जिला स्तर के सभी अंगों से मुकाबला करने संबंधी जानकारी लेना था। यह सारी कवायद देश में तेजी से हीटवेव या फिर लू की तीव्रता और घातकता में बढ़ोतरी से संबंधित थी, जिसकी जद में देश की 80 फीसदी आबादी और 90 फीसदी क्षेत्रफल आने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इससे सबसे बडा खतरा यह है कि यदि हीटवेव से निपटने की दिशा में त्वरित कार्रवाही नहीं की गई तो भारत को सतत विकास लक्ष्य यानी एसडीजी को हासिल करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि भारत साल 2030 तक संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित 17 एसडीजी लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है, लेकिन भीषण गर्मी इसमें बाधा पहुंचा रही है। इसमें पोषण और जलवायु प्रभावों के खिलाफ कार्रवाही प्रमुख रूप से शामिल है।

गौरतलब है कि भारत एक उष्णकटिबंधीय देश है। यहां विशेष रूप से हीटवेव हाल के वर्षों में और अधिक तीव्र हो गई है। हीटवेव अत्याधिक गर्म मौसम की स्थिति है, जिसमें किसी क्षेत्र का तापमान ऐतिहासिक औसत से अधिक हो जाता है। मैदानी, तटीय तथा पर्वतीय इलाकों में अधिकतम तापमान क्रमशः 30 डिग्री, 37 और 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने पर हीटवेव की स्थिति पैदा होती है। ये तापमान सामान्य से 4 से 5 डिग्री अधिक होते हैं और जब यह 5 से 6 डिग्री अधिक होते हैं तब उसे हीटवेव कहते हैं। अगर तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो वह स्थिति बेहद खतरनाक मानी जाती है। हीटवेव से जंगलों में आग की घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई। 2022 का अप्रैल का महीना बीते 122 सालों में सबसे ज्यादा गरम रहा है। यही नहीं साल 1992 से लेकर अभी तक लू के चलते तकरीब 24 हजार लोगों की मौतें हुई हैं। आने वाले 26 सालों में 60 करोड़ लोग इससे सर्वाधिक प्रमावित होंगे। इससे घर के बाहर लोगों की कार्यक्षमता में 15 फीसदी की गिरावट होगी और 31 से 48 करोड़ लोगों के जीवन की गुणवत्ता में कमी दर्ज की जाएगी।

दरअसल वैश्विक तापमान की सीमा छूने का अर्थ है कि विश्व 19वीं शताब्दी के दूसरे हिस्से के मुकाबले अब 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। इसके बावजूद दुनिया इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। दरअसल तापमान की तुलना का यह वह समय है जब औद्योगीकरण से फासिल फ्यूल का उत्सर्जन शुरू नहीं हुआ था। दुनिया के विज्ञानियों ने अलनीनो के कारण गर्मी के इस तरह के भीषण उफान की उम्मीद जताई है। यह सब कोयला, तेल और गैस के जलाने की सभी सीमाएं पार करने का दुष्परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि आज धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खडी है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन डब्ल्यूएमओ की हालिया रिपोर्ट की मानें तो न केवल बीता वर्ष नहीं, बल्कि पूरा बीता दशक धरती पर अभी तक का सबसे गरम दशक रहा है। यह वर्ष भी गर्मी का रिकार्ड तोड़ देगा। साल के शुरुआती संकेत इसके सबूत हैं। 2027 तक पूरी दुनिया में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की आशंका है। इस बारे में यूरोपीय संघ की कापरनिक्स क्लाइमेट सर्विस का कहना है कि 2023 में तापमान 1.5 डिग्री से ठीक नीचे 1.48 डिग्री पर था, लेकिन इस वर्ष की रिकॉर्ड गर्मी की शुरुआत ने 12 माह के औसत तापमान को उस स्तर से आगे बढा कर 1.5 डिग्री को लांघ दिया है। चिंता की बात यह है कि यदि तापमान वृद्धि की दर पर अंकुश नहीं लगा तो सदी के अंत तक गर्मी से 1.5 करोड़ लोग मौत के मुहाने तक पहुंच जाएंगे। इसका खुलासा अमेरिका की पर्यावरण संस्था ग्लोबल विटनेस और कोलंबिया यूनीवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने करते हुए कहा है कि दुनिया की प्रमुख जीवाश्म ईंधन कंपनियों द्वारा तेल और गैस का अत्याधिक मात्रा में उत्सर्जन वह अहम कारण है जिसके चलते उत्सर्जन स्तर यदि 2050 तक यही रहा तो 2100 तक गर्मी अपने घातक स्तर तक पहुंच जाएगी, जिसका नतीजा लाखों लोगों की मौत के रूप में होगा। अहम सवाल कार्बन उत्सर्जन कम करने का है, यदि ऐसा नहीं हुआ जिसकी संभावना अधिक है और मौजूदा हालात भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं, उस दशा में सदी के आखिर तक धरती का तापमान बढ़कर चार डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। उस दशा में धरती रहने के काबिल बची रह पाएगी? चिंता की असली वजह यही है। इस बारे में संयुक्त राष्ट्र जलवायु एजेंसी के प्रमुख साइरन स्टील का कहना है कि धरती को बचाने के लिए अब केवल दो साल का समय बचा है। धरती पर कार्बन और मीथेन का उत्सर्जन इसी तरह बढ़ता रहा तो हालात और भयावह हो जाएंगे। उस दशा में करने के लिए हमारे पास कुछ नहीं होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# डंके की चोट पर भैयाजी की बातें




**राजेंद्र बज**
व्यंग्यकार


हमारे भैयाजी जो भी बात कहते हैं डंके की चोट पर ही कहते हैं। वे सच कहे या झूठ, उनको पकड़ पाना किसी के लिए भी कभी आसान नहीं रहा। आम तौर पर वे मुख्यधारा के विरोधी माने जाते हैं। उनकी अपनी 'राजनीति' हुआ करती है। ऐसा नहीं है कि वे हर समय झूठ ही बोलते हैं। ऐसा भी नहीं है कि वे हमेशा सच ही बोलते हैं, लेकिन सच को झूठ और झूठ को सच सिद्ध करना उनके बाएं हाथ का खेल माना जाता है। कभी-कभी तो वे इतनी ऊंची फेंकते हैं कि झेलने वाले का दम ही निकल जाए। राजनीतिक विषयों पर साधिकार चर्चा करने में उनकी विशेष रूचि रहा करती है। गंभीर से गंभीर बात को भी हवा में उड़ा देना और तिल का ताड़ बनाते हुए पहाड़ तक बना देने में वे दक्ष माने जाते हैं। एकदम राजनीति के काबिल शख्सियत हैं वे। कभी-कभी सोचता हूं कि इनको तो किसी राजनीतिक दल का दूरदर्शन पर आने वाला प्रवक्ता होना चाहिए।

अफसोस की बात है कि उनकी ऐसी 'विलक्षणशीलता' को अब तक किसी भी प्रकार का राजनीतिक प्रतिसाद नहीं मिल पाता है। यही कारण है कि वे जहां के तहां बने हुए हैं। मुझे पक्का यकीन है कि जिस दिन उनकी खासियत का संज्ञान लिया जाएगा, देखते ही देखते वे राजनीति के शीर्ष मुकाम पर पहुंचे बिना नहीं रहेंगे। उनकी तर्कशक्ति अद्भुत है। वे जो कुछ भी कहते हैं उसे काटना सुनने वालों के लिए कदापि संभव नहीं होता। वे कोई बात कहते हैं तो उसकी प्रामाणिकता सिद्ध करने के निमित्त पहले से ही अच्छी खासी भूमिका बांध दिया करते हैं। यही नहीं अपितु वे विभिन्न तर्कों के आधार पर अपनी बात की पृष्ठभूमि तैयार करने में माहिर समझे जाते हैं। जो जब चाहे तब उनसे जी भर कर राजनीतिक चर्चा कर सकता है। उनकी बातचीत का लहजा अपने आप में विशिष्ट होता है।

इन दिनों देश-प्रदेश की राजनीति की तासीर कैसी है, इस बात को समझने के लिए राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों को उनकी या उन जैसों की संगत का लाभ अवश्य लेना चाहिए। वे हमेशा गरम लोहे पर चोट करने के आदी रहे हैं। देश-प्रदेश की सरकार जब कुछ करती है तब कहा करते हैं कि ऐसा नहीं करना चाहिए। और जब सरकार कुछ नहीं करती, तब वे कहते हैं कि सरकार को ऐसा जरूर करना चाहिए। वे किसी की हां में हां मिलाने में विश्वास नहीं रखते। हमेशा अपनी ही बात कहने की धुन में रहा करते हैं।

मैं अक्सर उनकी हां में हां मिलाते हुए उनकी गुड लिस्ट में शामिल रहने का भरसक प्रयास करता हूं। सोचता हूं कि उनसे अनावश्यक रूप से टकराकर अनावश्यक तनाव क्यों मोल लिया जाए! वे बातों के बहुत बड़े रसिया हैं। उनकी बातें आमतौर पर लच्छेदार हुआ करती हैं।

## नॉलेज कॉर्नर: महर्षि सुश्रुत थे विश्व के पहले सर्जन

# प्लास्टिक सर्जरी तकनीक भारत की देन!

मेडिकल साइंस में तरक्की से आज तरह-तरह की सर्जरी डॉक्टर्स के लिए मामूली बात हो गई है। सर्जरी के पितामह महर्षि सुश्रुत प्राचीन भारत के जाने माने सर्जन थे। उनके द्वारा लिखी गई सुश्रुत संहिता में नाक की प्लास्टिक सर्जरी का जिक्र देखने को मिलता है। इसके पीछे की वजह भी बेहद दिलचस्प है। इसकी शुरुआत भारत से ही हुई थी। जी हां पहली बार इसे अंजाम दिया था महर्षि सुश्रुत ने जिन्हें आधार बनाकर पूरे विश्व ने इस सर्जरी को सीखा। फादर ऑफ सर्जरी द्वारा लिखी सुश्रुत संहिता आज भी वैज्ञानिकों के लिए रिसर्च का महत्वपूर्ण विषय बनी हुई है। आज से लगभग 3 हजार वर्ष पहले दुनिया की पहली प्लास्टिक सर्जरी भारत के काशी में हुई थी। विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### इस तरह इजाद हुई तकनीक

प्राचीन भारत में गंभीर अपराधों के लिए नाक और कान काट दिए जाते थे। सजा के इस प्रावधान के चलते बाद में अपराधी चिकित्सा विज्ञान की मदद से इन अंगों को वापस लाने की कोशिश करते थे। ऐसे में महर्षि सुश्रुत को प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत महसूस हुई थी और वे नाक वापस जोड़ने की सर्जरी सफलतापूर्वक करने भी लगे थे। सुश्रुत संहिता में लगभग 300 तरह की सर्जिकल प्रक्रियाओं की जानकारी मौजूद है। इसमें ब्लैडर स्टोन निकालना, कैटरेक्ट, हर्निया और यहां तक कि सर्जरी के



जरिए प्रसव करवाए जाने का भी जिक्र दिया हुआ है। सुश्रुत संहिता में उल्लेख मिलता है, कि प्राचीन भारत में सुश्रुत नाक की सर्जरी के दौरान व्यक्ति के गाल या माथे की त्वचा को लेकर सर्जरी के दौरान उसका इस्तेमाल करते थे। यही नहीं, सुश्रुत के पास सर्जरी के बाद भी तरह-तरह के इन्फेक्शन से बचाव के लिए कई प्रकार की औषधियां मौजूद थीं, जिन्हें रूई की सहायता से अंग पर लपेटकर ढक दिया जाता था।

### अरबी भाषा में अनुवाद

8वीं सदी में अरबी भाषा में सुश्रुत संहिता का अनुवाद होने के बाद यह पश्चिमी देशों तक भी पहुंच गई। यहीं नहीं, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अपने भारत प्रवास के दौरान 1793 में दो अंग्रेज सर्जनों ने भी नाक की सर्जरी को अपनी आंखों से देखा। लंदन की जेंटलमैन मैगजीन में भी इसका जिक्र देखने को मिलता है। जानकारी के मुताबिक, एक ब्रिटिश सर्जन जोसेफ कॉन्स्टेंटिन ने इस प्रक्रिया को जानने-समझने के बाद करीब 20 सालों तक लाशों के साथ इसका अभ्यास किया, और इसके बाद 1814 में उनके द्वारा किया गया ऑपरेशन भी सफल रहा।

### 1100 बीमारियों का भी है जिक्र

*सुश्रुत संहिता में सर्जरी के 1100 बीमारियों का भी जिक्र तो है ही, इसके साथ ही उपचार की 650 दवाओं का भी उल्लेख है। चोट लगने पर खून के बहाव को रोकना हो, या टूटी हड्डियां को जोड़ने का विषय। कटे हुए पार्ट की सिलाई करने के लिए टांकों की जगह चींटियों के इस्तेमाल का भी उल्लेख मिलता है।* कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर

X




**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
10 साल पहले जो असंभव लगता था, हमने उसे संभव बनाया है और अब आने वाले पांच साल में देश विकास की नई रफ्तार देखेगा।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
सिर्फ 'एंटायर पॉलिटिकल साइंस' के छात्र को ही महात्मा गांधी के बारे में जानने के लिये फिल्म देखने की ज़रूरत रही होगी।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ जन्म लेने वाली आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ी है। पंजाब-हरियाणा में नूरा कुश्ती कर रही है। इनके मन दिल्ली में क्यों मिल रहे हैं और यहां क्यों नहीं मिल रहे?



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
संविधान का सबसे ज्यादा मखौल कांग्रेस और इंडी गठबंधन से जुड़े हुए लोगों ने उड़ाया है और आज भी उड़ा रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

# देवता हैं मोदी तो मंदिर में रहें, राजनीति में क्या काम: ममता बनर्जी

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले सियासी घमासान तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार व बुधवार को राज्य में चुनावी रैलियों को संबोधित कर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा।

वहीं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी रैलियों और रोड शो में पीएम मोदी पर सियासी वार किया है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा है कि यदि वह देवता हैं तो उन्हें राजनीति में शामिल नहीं होना चाहिए। इसकी बजाय उन्हें मंदिर में होना चाहिए। उन्होंने कहा, किसी ने कहा कि जगन्नाथ देव मोदी के भक्त हैं और कोई कहता है कि वह देवताओं के राजा हैं।' ऐसी स्थिति है तो फिर उन्हें राजनीति में नहीं रहना चाहिए। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री के इस बयान को 'झूठ' बताया कि वह दिल्ली से चक्रवात रेमल की निगरानी कर रहे थे। ममता बनर्जी ने बुधवार को दक्षिण 24 परगना में एक रैली को भी संबोधित किया। ममता ने प्रधानमंत्री के इस बयान को 'झूठ' बताया कि वह दिल्ली से चक्रवात रेमल की निगरानी कर रहे थे।

बनर्जी ने आरोप लगाया कि अगर श्री मोदी सत्ता में लौटे तो धर्म और विचार की स्वतंत्रता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा, 'मोदी इतने निरंकुश हैं कि अगर दोबारा चुने गए तो वह कोई चुनाव नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कई प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया है, लेकिन मोदी जैसा कोई नहीं देखा। देश को ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत नहीं है और उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। वह कुछ ही दिनों में पूर्व प्रधानमंत्री बन जाएंगे। ममता बनर्जी ने कहा कि एनडीए की सरकार अब जा रही है। अब हर कोई कह रहा है कि देश में राजनीतिक हवा की दिशा बदल रही है।



### कोलकाता में किए दो रोड शो

कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के जवाब में ममता बनर्जी ने शहर में दो रोड शो किए। एक पीएम मोदी के कार्यक्रम से पहले और दूसरा मोदी के कार्यक्रम के बाद। मंगलवार को दक्षिण कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने भविष्यवाणी की कि कुछ ही दिनों में नरेंद्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री बन जाएंगे क्योंकि हवा का रुख बदल रहा है। उन्होंने पीएम मोदी पर चक्रवात रेमल से पहले और बाद में बचाव और राहत कार्यों की निगरानी के लिए केंद्र के प्रयासों को झूठा कहा। ममता ने दावा किया कि यह उनकी ही सरकार थी जिसने चक्रवात में फंसे लोगों की जान बचाने के लिए कदम उठाए।

### चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण

ममता बनर्जी ने बुधवार को दक्षिण 24 परगना जिले में चक्रवात रेमल से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिले के बरुईपुर में चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद कोलकाता लौटने के दौरान चक्रवात से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा किया। मुख्यमंत्री ने तटीय जिले में चक्रवात से हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार को वादा किया था कि वह चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही मुआवजे को लेकर निर्णय लेंगी।

## CAA के तहत पश्चिम बंगाल में नागरिकता देना शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल में सीएए के तहत नागरिकता देना शुरू किया। गृह मंत्रालय के मुताबिक, नागरिकता (संशोधन) नियम 2024 के तहत नागरिकता प्रमाण-पत्र देने की प्रक्रिया अब पश्चिम बंगाल में शुरू हो गई है। यहां राज्य से आए आवेदनों के पहले सेट को बुधवार को पश्चिम बंगाल की अधिकार प्राप्त समिति द्वारा नागरिकता प्रदान की गई। इसी तरह हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों की अधिकार प्राप्त समितियों ने भी नागरिकता (संशोधन) नियम 2024 के तहत अपने-अपने राज्यों में आवेदकों के पहले सेट को बुधवार को नागरिकता प्रदान की है। ज्ञात रहे कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) 11 मार्च को देश में लागू हो गया था। कानून को लेकर चार साल बाद नियम अधिसूचित किए गए थे।

## गुजरात को सब कुछ मिला और बिहार को ठेंगा



**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर लगातार हमला बोल रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को तेजस्वी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया। पटना में मीडिया के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इस बार चुनावी मुद्दा महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं को सशक्त बनाना है। बिहार ने पिछले चुनाव में इनको गुजरात से भी अधिक सांसद दिए। यहां 40 में से 39 सांसद इन्हें मिले, लेकिन इसके बाद बिहार को ठेंगा मिला और गुजरात को सब कुछ मिला। तेजस्वी ने कहा कि इसलिए बिहार की जनता इस बार उनको सबक सिखाएगी।

## चुनावी रैली में अमित शाह ने सपा पर किया प्रहार



**बलिया/ सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान से पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सपा के शासनकाल में सिर्फ चार घंटे बिजली आती थी। हां, रमजान में पूरी बिजली मिलती थी। वोट की ताकत है कि भाजपा सरकार में 18 घंटे बिजली आती है। शाह ने बलिया व सोनभद्र में चुनाव सभाओं में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सपा के शासन में पूर्वांचल के लोग माफिया और मच्छर से परेशान थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों को खत्म कर दिया। उन्होंने माफिया-अपराधियों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम किया।

ओडिशा: PM मोदी ने मयूरभंज रैली में किया सवाल... बीजद को घेरा

# CM नवीन पटनायक की बिगड़ती तबीयत के पीछे साजिश तो नहीं

एजेंसी | मयूरभंज(ओडिशा)

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओडिशा में चुनाव प्रचार किया। ओडिशा में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी हो रहे हैं और सीएम नवीन पटनायक का स्वास्थ्य अब चुनावी मुद्दा बन गया है। पीएम मोदी ने बुधवार को मयूरभंज में एक रैली को संबोधित करते हुए। सीएम पटनायक के स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तबीयत बिगड़ने के पीछे कोई साजिश है। यह जानना ओडिशा के लोगों का अधिकार है। पीएम मोदी ने राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) पर आदिवासियों की जमीन हड़पने और खनिज संपदा लूटने का आरोप लगाया।

पीएम मोदी ने कहा, आजकल नवीन पटनायक के सभी शुभचिंतक बहुत चिंता में हैं। कि पिछले एक साल में नवीन बाबू की तबीयत इतनी कैसे बिगड़ गई। वर्षों से नवीन पटनायक के करीबी लोग जब मुझसे मिलते हैं, तो वो उनकी तबियत की चर्चा जरूर करते हैं। वो बताते हैं कि नवीन बाबू अब खुद से कुछ कर नहीं पा रहे हैं। उनके करीबी रहे लोगों का मानना है कि उनकी तबीयत बिगड़ने के पीछे कोई साजिश भी हो सकती है। उन्होंने कहा, कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है,जो नवीन पटनायक के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है। बीजद नेता वी के पांडियन पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूरा ओडिशा एक उड़िया मुख्यमंत्री चाहता है, इसलिए राज्य के लोगों ने बीजउ सरकार के 25 साल के शासन पर पूर्ण विराम लगाने का फैसला कर लिया है।




### BJP सरकार बनने पर कमेटी करेगी जांच

PM मोदी ने कहा कि 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों बिगड़ती जा रही है। बता दें कि पीएम मोदी की यह टिप्पणी असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के उस आरोप के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि बीजद नेता वीके पांडियन ओडिशा के CM की गतिविधियों को नियंत्रित कर रहे हैं।

### क्यों उठा सेहत पर सवाल

मंगलवार को एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें नवीन पटनायक के हाथ कांपते हुए दिख रहे थे। इस वीडियो में बीजद नेता वी के पांडियन माइक पकड़े हुए हैं। जब उन्हें पता चलता है कि डायस को पकड़े हुए सीएम का एक हाथ हिल रहा है तो वह उसे छिपा देते हैं।

### बीजद ने लोगों का भरोसा तोड़ा

पीएम मोदी ने बीजद पर निशाना साधते हुए कहा, बीजद पर आपने 25 साल भरोसा किया, लेकिन बीजद ने हर कदम पर आपके भरोसे को तोड़ा है। उन्होंने कहा, यही बीजद सरकार आदिवासी बंधुओं की जमीन हड़पने के लिए कानून लेकर आई थी। भाजपा के दबाव में उसे वो कानून वापस लेना पड़ा। अब इस बार अगर इन्हें मौका मिला, तो ये आदिवासियों की जमीन हड़पने का अवसर छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा, बीजद ने आपकी खनिज संपदा को भी लूटा है। मोदी ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड बनाकर हजारों करोड़ रुपए ओडिशा को दिए। बीजद ने इसमें भी घोटाला कर दिया। लोग कह रहे हैं कि ओडिशा का लुटा हुआ पैसा विदेशों तक जा रहा है। लूट का माल ये कहीं भी छिपा लें, मोदी पाई-पाई निकालेगा। ये मोदी की गारंटी है कि जिसने जनता को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा और लूटने वाले जिंदगी भर जेल की चक्की पिसेंगे।

### वनधन योजना नहीं हुई ठीक लागू

पीएम मोदी ने ओडिशा में वनधन योजना को ठीक से लागू करने का वादा किया। उन्होंने कहा, राज्य में भाजपा सरकार बनते ही वनधन भी ठीक से लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीजद सरकार ने सबसे बड़ा धोखा तो महाप्रभु के श्री रत्न भंडार को लेकर किया है। आज ओडिशा ही नहीं, पूरा देश जानना चाहता है कि रत्न भंडार की चाबी गई कहां? जो जांच हुई थी, उसकी रिपोर्ट में किसका नाम है?

राहुल गांधी की पंजाब में रैली

# किसानों का कर्ज करेंगे माफ, MSP की देंगे गारंटी



एजेंसी | लुधियाना

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सिर्फ 22 लोगों को अमीर बनाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जीएसटी लागू किया है। नोटबंदी जैसे फैसले लेकर पंजाब के छोटे उद्योगपतियों को खत्म कर दिया, ताकि अंबानी-अडानी को फायदा हो सके। ये छोटे और मध्यम वर्ग के उद्यमी अर्थव्यवस्था की रीढ़ थे। राहुल ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। साथ ही साथ फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी भी दी जाएगी।

राहुल गांधी ने लुधियाना से कांग्रेस प्रत्याशी अमरेंद्र सिंह राजा वारिंग के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखे हमले भी किए। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश के सभी सरकारी संस्थानों को अडाणी और अंबानी को बेच दिया और 22 बड़े उद्योगपतियों का हजारों करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया, जबकि इस पैसे का इस्तेमाल लोगों का कर्ज माफ करने में किया जाता। किसानों के साथ-साथ युवाओं को रोजगार भी दिया जा सके। इस मुद्दे को दबाने के लिए मोदी भाई-भाई को जाति और धर्म के नाम पर लड़ाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग संविधान बदलने की बात कर रहे हैं, जिसे देखते हुए लोगों को संविधान बचाने के लिए वोट करना चाहिए।

### किसान कर्ज माफी आयोग गठित करने का वादा

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर हम किसानों का कर्ज माफ करने के साथ-साथ किसान कर्ज माफी आयोग का गठन करेंगे। जो भविष्य में जरूरत पड़ने पर किसानों का कर्ज माफ करने की अनुशंसा कर सकेंगे और सरकार किसानों का कर्ज माफ कर देगी। इसके साथ ही उन्होंने फसलों पर एमएसपी लागू करने, महिलाओं और बेरोजगारों के बैंक खाते में पैसा डालने, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का वेतन दोगुना करने, अग्निवीर योजना रद्द करने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार के सत्ता में आने के तुरंत बाद गरीब परिवारों की पहचान की जाएगी और प्रत्येक परिवार को हर महीने 8500 रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह, नए स्नातकों और डिप्लोमा धारकों के लिए एक योजना होगी। पहली नौकरी पैकेज जिसके तहत उन्हें एक साल के लिए गारंटीकृत प्रशिक्षुता मिलेगी और उस अवधि के लिए एक लाख रुपए की निश्चित आय होगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने दोहराया कि भारत सरकार अग्निपथ योजना को खत्म करेगी, क्योंकि यह जवानों और सशस्त्र बलों पर हमला और अपमान है। गांधी ने पंजाब में नशे की समस्या पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि इससे सख्ती से निपटने की जरूरत है।

पीएम ने तृणमूल कांग्रेस पर साधा निशाना... कहा- युवाओं के अवसर छीन रहे है घुसपैठिये

# बंगाल के सीमावर्ती इलाकों की बदल गई डेमोग्राफी

एजेंसी | कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन बुधवार को पश्चिम बंगाल भी पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने राज्य के मथुरापुर में चुनाव रैली में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी बदली गई है। आज बंगाल के युवाओं को मिलने वाले अवसर घुसपैठिए छीन रहे हैं। लोगों की जमीन जायदाद पर वो लोग कब्जा कर रहे है जिससे पूरा देश चिंतित है।



पीएम मोदी ने टीएमसी को घेरते हुए कहा कि इन लोगों ने सीएए को लेकर इतना विरोध क्यों किया, क्यों झूठ फैलाया। बंगाल में इनको अवैध घुसपैठियों को बसाना है। टीएमसी मतुआ समाज को यहां नहीं रहने देना चाहती। उन्होंने कहा कि लोग चिंता नहीं करे क्योंकि 4 जून के बाद टीएमसी के इन सभी हथकंडो की हवा निकलेगी। मतुआ को उनके अधिकार मिलेंगे ये मोदी की गारंटी है।

### TMC के गुंडे कर रहे हैं मठों पर हमला

PM मोदी ने कहा कि TMC बंगाल के लोगों से इतनी चिढ़ी हुई है कि बंगाल की पहचान को खत्म करने में लगी हुई है। टीएमसी बंगाल के साधु संतों को भी नहीं छोड़ रही है। ये इस्कॉन, रामकृष्ण मठ जैसी संस्थाओं को गाली दे रहे हैं और इसके गुंडे मठों पर हमला कर रहे हैं। 500 साल बाद अयोध्या में प्रभु राम का मंदिर बना। राम मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है, लेकिन टीएमसी के लोग इसे अपवित्र बताते हैं। ऐसी टीएमसी कभी भी बंगाल की संस्कृति की रक्षा नहीं कर सकती।

### 6 महीनों में देश की राजनीति में बड़ा भूचाल

पीएम ने कहा कि लोगों का एक वोट देश के राजनीति की दिशा तय करेगा 4 जून के बाद अगले 6 महीनों में देश की राजनीति में बड़ा भूचाल आने वाला है। परिवारवादी पार्टियां अपने आप बिखर जाएगी। इनके कार्यकर्ता भी थक चुके हैं। वो देख रहे हैं कि देश कहां जा रहा है और उनकी पार्टियां कहां जा रही है।

पीएम मोदी के ध्यान कार्यक्रम पर गरमाई सियासत

# पीएम मोदी आज पहुंचेंगे विवेकानंद स्मारक, सुरक्षा प्रबंध किए गए कड़े

## टीवी पर प्रसारण हुआ तो चुनाव आयोग से करेंगे शिकायत: ममता

एजेंसी | नई दिल्ली/चेन्नई

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के कन्याकुमारी में प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर प्रस्तावित ध्यान कार्यक्रम के लिए 30 मई को पहुंचेंगे। वे 30 मई की शाम से एक जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। हालांकि उनके ध्यान कार्यक्रम को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी के कन्याकुमारी में ध्यान का प्रसारण टीवी पर किया गया तो चुनाव आयोग से शिकायत की जाएगी। ममता बनर्जी ने दावा किया कि पीएम मोदी हर बार चुनाव के आखिरी चरण से पहले 48 घंटे के लिए ध्यान लगाने चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में भी चुनाव प्रचार के बाद प्रधानमंत्री केदारनाथ की ध्यान गुफा में चले गए थे।



### कांग्रेस पहुंची चुनाव आयोग, कार्यक्रम के प्रसारण पर रोक की मांग

इस बीच, कांग्रेस ने पीएम मोदी के मौन व्रत को लेकर चुनाव आयोग के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से इस कार्यक्रम के प्रसारण पर रोक लगाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला, अभिषेक मनु सिंघवी और नासिर हुसैन शामिल थे। चुनाव आयोग से मुलाकात के उपरांत कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग के सामने महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी है। कांग्रेस ने अपनी शिकायत में चुनाव आयोग से कहा है कि चुनाव के मतदान से पहले साइलेंट पीरियड में कोई भी नेता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव प्रचार नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि वे 30 मई की शाम से मौन व्रत पर बैठेंगे, लेकिन हम सभी जानते हैं कि जब साइलेंट पीरियड चल रहा होगा; इस बीच यह अप्रत्यक्ष प्रचार आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मौन व्रत 01 जून की शाम को शुरू करना चाहिए। लेकिन अगर वे इसे 30 मई से ही शुरू करने पर जोर देते हैं।

### धार्मिक महत्व है इस स्थान का

ज्ञात रहे कि यह वह जगह है, जहां पूर्वी और पश्चिमी तट रेखाएं मिलती हैं। यह हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन बिंदु भी है। इस स्थान को पवित्र ग्रंथों में भगवान शिव के लिए देवी पार्वती के ध्यान के स्थल के रूप में भी जाना जाता है। यह स्थान भारत का सबसे दक्षिणी छोर है। प्रधानमंत्री तीसरी बात भी सत्ता में आने का दावा कर चुके हैं। बता दें कि एक मई को लोकसभा चुनाव का सातवां और आखिरी चरण है।

### समुद्री सीमाओं पर भी रहेगी नजर

दूसरी ओर पीएम मोदी के आगमन से पहले यहां सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। उनकी सुरक्षा के लिए 2000 पुलिसकर्मियों के साथ कई सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया गया है। पीएम मोदी यहां 45 घंटे रुकेंगे, इसलिए तटीय सुरक्षा ग्रुप, भारतीय तटरक्षक बल और भारतीय नौसेना समुद्री सीमाओं पर निगरानी बनाए रखेंगे। तिरुनेलवेली रेंज के डीआइजी प्रवेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक ई. सुंदरवथनम के साथ रॉक मेमोरियल, बोट जेटी, हेलीपैड और राज्य अतिथि गृह में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। पीएम मोदी की कोर सुरक्षा टीम भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंच चुकी है। पीएम मोदी के 30 मई की दोपहर के बाद कन्याकुमारी पहुंचने की संभावना है। इसके बाद वे स्मारक के लिए प्रस्थान करेंगे। माना जाता है कि यहां विवेकानंद को 'भारत माता' के बारे में दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई थी।

## जरूरी खबर

### प्रज्वल की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज, होंगे अरेस्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बंगलूरू की एक विशेष अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में जनता दल सेक्युलर (जद एस) के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। रेवन्ना पर कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप है। प्रज्वल रेवन्ना ने भारत लौटने से पहले ही अग्रिम जमानत की अर्जी दी थी। प्रज्वल ने दो दिन पहले एक वीडियो बयान जारी कर कहा था कि वह 31 मई को विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होंगे। प्रज्वल के ऐलान के बाद कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि प्रज्वल रेवन्ना को यहां हवाई अड्डे पर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मंत्री के बयान के बाद प्रज्वल ने यह अर्जी दी है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, प्रज्वल ने म्युनिख से बेंगलुरु का 30 मई का हवाई टिकट बुक कराया है और वह 31 मई तड़के यहां पहुंच सकते हैं।

### मेजर राधिका सेन को यूएन आज करेगा सम्मानित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस पर संयुक्त राष्ट्र भारतीय सेना की मेजर राधिका सेन को सैन्य पुरस्कार देने जा रहा है। उन्होंने कांगो में यूएन शांति टीम के रूप में देश का प्रतिनिधित्व किया था। सेन ने कहा कि इतने बड़े मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। वह मेजर सुमन गवानी के बाद इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाली दूसरी भारतीय अफसर हैं। 30 मई को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस द्वारा उन्हें यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा।

### एलजी ने मंत्री भारद्वाज के OSD को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के OSD डॉ. आर एन दास को बुधवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई निजी नर्सिंग होम्स के अनियमित और अवैध पंजीकरण में कथित अनियमितता को लेकर की गई है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एलजी चाहते हैं कि मेरा कार्यालय खाली हो जाए। इसलिए उन्होंने मेरे ऑफिस में नियुक्त सभी सलाहकार, फैलो और कंसल्टेंट को हटा दिया है। साथ ही जो अन्य अधिकारी काम कर रहे हैं, उन पर किसी ना किसी मामले में मुकदमा चलाने कोशिशें लगातार चल रही हैं।

## विश्व स्वास्थ्य सभा की बैठक



**नई दिल्ली।** *स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने मंगलवार को जिनेवा में 77वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्ल्यू.सी.एच.) की समिति की बैठक की अध्यक्षता की। चंद्रा ने इस अवसर पर ब्रिक्स (बीआरआईसीएस) स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को भी संबोधित किया।*

## पाक जेल में बंद दो भारतीयों से मिले राजनयिक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने सोमवार को पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद दो भारतीय युवकों से मुलाकात की। इन युवकों को जासूसी के आरोप में चार साल पहले गिरफ्तार किया गया था। हाल ही में इन्हें उच्च सुरक्षा वाली रावलपिंडी की अडियाला जेल में शिफ्ट किया गया है। दोनों युवकों की पहचान 29 वर्षीय फिरोज अहमद लोन और 24 वर्षीय नूह अहमद वानी के रूप में हुई है।

दोनों युवक जम्मू कश्मीर के बांदीहुराह इलाके के गोरेज इलाके के निवासी हैं। दोनों को साल 2020 में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के गिलगित बाल्टिस्तान इलाके से गिरफ्तार किया गया था। भारत सरकार की अपील पर पाकिस्तान सरकार ने जेल में बंद भारतीय नागरिकों को काउंसलर एक्सेस दिया है। इसके बाद सोमवार को भारतीय उच्चायोग और भारतीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों की एक टीम ने जेल में बंद भारतीय नागरिकों से मुलाकात की।

### दिल्ली आबकारी नीति घोटाला-मनी लॉन्ड्रिंग केस

# केजरीवाल की याचिका खारिज 2 जून को ही करना होगा सरेंडर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी सीएम अरविंद केजरीवाल को बसुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सीएम केजरीवाल की स्वास्थ्य जांच के लिए अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग वाली याचिका को कोर्ट ने स्वीकार करने से खारिज कर दिया है। इसका मतलब यह है कि अरविंद केजरीवाल को अब 2 जून को सरेंडर करना होगा। शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने आवेदन स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा कि चूंकि केजरीवाल को नियमित जमानत के लिए निचली अदालत में जाने की छूट दी गई है, इसलिए याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

मंगलवार को जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने मुख्यमंत्री की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया और कहा कि अंतरिम याचिका को सूचीबद्ध करने पर निर्णय सीजेआई द्वारा लिया जा सकता है। बता दें कि सीएम केजरीवाल की ओर से कोर्ट में जो याचिका दायर की गई थी, उसमें डॉक्टर की सलाह संलग्न करते हुए कहा गया था कि हिरासत के दौरान उनका छह-सात किलो वजन कम हुआ है और अचानक घटे वजन व सेहत संबंधी अन्य दिक्कतों को देखते हुए उन्हें पेट-सीटी (पीइटी-सीटी) स्कैन सहित कई चिकित्सीय जांचे कराने की जरूरत है जिसमें 5-7 दिन का समय लगेगा। केजरीवाल ने 26 मई को दायर अपनी नई याचिका में कहा कि वह जेल लौटने की निर्धारित तारीख 2 जून के बजाय 9 जून को जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करेंगे।



#### 1 जून तक जमानत पर हैं केजरीवाल

सीएम केजरीवाल 1 जून तक अंतरिम जमानत पर हैं। दिल्ली में कथित शराब नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए 10 मई से 1 जून तक अंतरिम जमानत दी गई थी। सीएम केजरीवाल को 2 जून को सरेंडर करना होगा।

#### सुनीता केजरीवाल के खिलाफ पीआईएल दायर

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर कोर्ट की सुनवाई के वीडियो क्लिप पोस्ट करने के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका अधिवक्ता वैभव सिंह द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने कई सोशल मीडिया हैंडल का नाम भी लिया है, जिन्होंने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट को संबोधित करने के लिए अरविंद केजरीवाल का ऑडियो/वीडियो पोस्ट किया है। सिंह ने घटना की विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा जांच की मांग की है। सिंह ने अपनी याचिका में तर्क दिया है कि केजरीवाल द्वारा 28 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट को संबोधित करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) और अन्य विपक्षी दलों से जुड़े कई सोशल मीडिया हैंडल ने कोर्ट की कार्यवाही की वीडियो/ऑडियो रिकॉर्डिंग बनाई और उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया।

### गेहूं का स्टॉक 16 साल में निचले स्तर पर

## फिर शुरू हो सकता है गेहूं का आयात!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत छह साल के अंतराल के बाद फिर से गेहूं का आयात शुरू करने पर विचार कर रहा है। अप्रैल में गोदामों में गेहूं का स्टॉक घटकर 7.5 मिलियन टन रह गया, जो 16 वर्षों में सबसे कम है। सरकार को कीमतों को नियंत्रित करने के लिए आटा मिलों और बिस्किट निर्माताओं को रिकॉर्ड 10 मिलियन टन से अधिक गेहूं बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत सरकार दूसरे देशों से गेहूं इसलिए मंगा रही है ताकि कम हो रहे भंडार को फिर से भरा जा सके और तीन साल से कम हो रही उपज के बाद कीमतों में आई उछाल को भी नियंत्रित किया जा सके। लोकसभा चुनावों के समाप्त होने के बाद आयात की मंजूरी दी जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि भारत इस साल गेहूं के आयात पर 40 प्रतिशत टैक्स को समाप्त कर सकता है, जिससे निजी व्यापारियों और आटा मिलों को लाभ होगा। निजी व्यापारियों के लिए रूस जैसे गेहूं के शीर्ष उत्पादक व निर्यातक देश से खरीद करने का रास्ता साफ हो जाएगा। अभी भारत में नए सीजन की गेहूं की फसल आ रही है, इसलिए सरकार संभवतः जून के बाद तक इंतजार करेगी ताकि आयात टैक्स को समाप्त किया जा सके।



#### तापमान में वृद्धि से उत्पादन में आई गिरावट

लगातार पांच रिकॉर्ड फसलों के बाद, तापमान में तेज वृद्धि ने 2022 और 2023 में भारत की गेहूं की फसल को कम कर दिया, जिससे दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक को निर्यात पर प्रतिबंध लगाना पड़ा। एक अनुमान के अनुसार इस साल की फसल भी 112 मिलियन मीट्रिक टन के सरकारी अनुमान से 6.25% कम होगी। घरेलू कीमतें राज्य द्वारा निर्धारित न्यूनतम खरीद दर 2,275 रुपए प्रति क्विंटल से ऊपर बनी हुई हैं, और हाल ही में इनमें वृद्धि शुरू हो गई है।

### तीन महीनों में चौथी बार लॉन्चिंग हुई रद्द

## अग्निकुल: फिर टाली राकेट लॉन्चिंग

**एजेंसी** | बेंगलुरु

अंतरिक्ष स्टार्टअप अग्निकुल कासमास ने अपने पहले राकेट की परीक्षण उड़ान को तकनीकी कारणों से मंगलवार को फिर टाल दिया। लॉन्चिंग के कुछ ही देर पहले उड़ान को रद्द कर दिया गया। पिछले तीन महीनों में चौथी बार देश के दूसरे प्राइवेट राकेट की लॉन्चिंग को रद्द किया गया है। राकेट का प्रक्षेपण मंगलवार सुबह 5:45 बजे के लिए निर्धारित था। तकनीकी दिक्कत के कारण प्रक्षेपण का समय बदलकर सुबह 9:25 बजे किया गया। हालांकि, उड़ान भरने से केवल पांच सेकेंड पहले प्रक्षेपण को होल्ड पर रखा फिर प्रक्षेपण को रद्द कर दिया। अग्निकुल कासमास का अग्निबाण राकेट दो चरणों वाला राकेट है। यह लगभग 700 किमी की ऊंचाई पर कक्षाओं में 300 किलोग्राम तक का पेलोड ले जा सकता है। स्काईरूट कंपनी ने भारत के पहले प्राइवेट राकेट को इसरो के प्रक्षेपण स्थल से वर्ष 2022 में लांच किया था।




### कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के चीन को लेकर बयान पर बवाल

## कांग्रेस ने किया किनारा, अय्यर ने माफी मांगी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर के चीन को लेकर एक बयान पर बवाल हो गया है। कांग्रेस ने उनके बयान से किनारा कर लिया है। वहीं, अय्यर ने अपने बयान के लिए माफी मांगी है।

अय्यर 'फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब' में एक कार्यक्रम के दौरान किस्सा सुनाते हुए कहा कि अक्टूबर 1962 में, चीनियों ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया। बाद में उन्होंने एक बयान जारी कर कहा,चीनी आक्रमण से पहले गलती से 'कथित' शब्द का इस्तेमाल करने के लिए मैं पूरी तरह से माफी मांगता हूं। दूसरी ओर अय्यर के बयान को लेकर कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि मणिशंकर अय्यर कौन हैं? वो कोई अधिकारी नहीं हैं, वो पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री हैं। वो अपनी निजी हैसियत से जो चाहे बोलते हैं। हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है।



#### BJP ने साधा निशाना

अय्यर के बयान पर निशाना साधते हुए भाजपा भगवा पार्टी ने दावा किया कि अय्यर द्वारा 1962 में भारत पर हुए चीनी हमले को 'कथित' आक्रमण बताया जाना कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह दुश्मन देशों को यहां की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का संकेत है।


### DRDO ने लगाई एक और लंबी छलांग

# एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का सफल परीक्षण, बढ़ेगी हवाई ताकत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को हवा से सतह पर मार करने वाली एंटी रेडिएशन मिसाइल रूद्रम-II का सफल परीक्षण किया है। ये परीक्षण वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30एमकेआई से ओडिशा तट पर किया गया ।यह हाइपर सोनिक मिसाइल है और इसने कुछ ही सेकेंड में टारगेट को ध्वस्त कर दिया। रुद्रम-II मिसाइल 6791.4 किमी प्रति घंटे की गति से दुश्मन पर हमला करने में सक्षम है। डीआरडीओ ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी है। डीआरडीओ और रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उड़ान परीक्षण में सभी परीक्षण उद्देश्य पूरे हो गए। इसमें प्रोपल्शन सिस्टम से लेकर कंट्रोल और गाइडेंस एल्गोरिदम की पुष्टि हुई।

ज्ञात रहे कि रुद्रम-II इस मिसाइल का नवीनतम संस्करण है। इसके पहले संस्करण रुद्रम-1 का परीक्षण चार वर्ष पहले लड़ाकू विमान सुखोई-30एमकेआई से ही किया गया था। रुद्रम-II सबसे बेहतरीन मिसाइलों में से एक है और इसका उद्देश्य दुश्मनों के आक्रमणों को बेअसर करना है। भारत के पास वर्तमान में रूसी एंटी-रेडिएशन मिसाइल केएच-31 है। रुद्रम मिसाइलें केएच-31 की जगह लेंगी।



#### क्या है रुद्रम-II एंटी रेडिएशन मिसाइल

रुद्रम-II स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक वायु-प्रक्षेपित मिसाइल प्रणाली है, जो दुश्मन के विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को नष्ट करने में सक्षम है। विभिन्न डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित कई अत्याधुनिक स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को मिसाइल प्रणाली में शामिल किया गया है।

#### 300 किलोमीटर है मारक क्षमता

रुद्रएम-II की कुल लंबाई 18 फीट है। यह करीब 155 किग्रा वजन लेकर उड़ान भर सकती है। इसकी रफ्तार बेहद की खतरनाक है। यह ध्वनि की गति से पांच गुना ज्यादा की रफ्तार से उड़ान भर सकती है। इसकी रेंज 300 किमी है। यह 3 से 15 किमी तक की ऊंचाई तक जा सकती है। निशाना साधने की क्षमता भी गजब की है। यह 5 मीटर की सटीकता से मार कर सकती है।

#### भारत की नई सुपर किलर मिसाइल है यह

यह एक एंटी रेडिएशन मिसाइल है, इसे राडार सिस्टम, सेटैलाइट, एयर डिफेंस सिस्टम, रेडियो फ्रिक्वेंसी सिस्टम या किसी अन्य संचार सिस्टम से पकड़ा नहीं जा सकता। इसे भारत की नई सुपर किलर मिसाइल कहा जा रहा है। इसे DRDO ने डिजाइन किया है और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने मिलकर बनाया है। इसकी तुलना रूस की बेजोड़ मिसाइल केएच-31 पीडी से की जा रही है।

#### के-9 वज्र होवित्जर तोपें खरीदने की तैयारी

लोकसभा चुनाव के बाद भारत के रक्षा क्षेत्र में कई सैन्य परियोजनाओं को मंजूरी दी जाएगी। केंद्र के एजेंडे में के-9 वज्र स्वचालित होवित्जर तोप खरीदने और 'मेक इन इंडिया' के तहत लड़ाकू विमान के इंजन तैयार करने के प्रस्ताव शामिल हैं। सेना की मांग को देखते हुए 100 नई के-9 वज्र एसपी हॉवित्जर तोपें खरीदने की योजना है। शुरुआत में सेना इन तोपों का इस्तेमाल मैदानी और रेगिस्तानी क्षेत्रों में किया था। इसके बाद लद्दाख क्षेत्र में सफलतापूर्वक इन तोपों का इस्तेमाल किया गया। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि इन सभी परियाजनों को मार्च में ही मंजूरी देने के तैयारी थी लेकिन चुनाव को देखते हुए इस पर निर्णय नहीं लिया गया।

#### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण की सफलता से रूद्रम- दो की भूमिका की मजबूती से पुष्टि हुई है और इससे भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत कई गुणा बढ जाएगी।

### अजय देवगन, आर माधवन स्टारर सुपरहिट फिल्म शैतान का सीक्वल SHAITAAN 2 अनाउंस

# सावधान! लौटकर आ रहा है शैतान आंखों में डबल हैवानियत लेकर

**शिवराज गुर्जर.जयपुर।** अजय देवगन की परेशानी एक बार फिर बढ़ने वाली है, क्योंकि शैतान माधवन एक बार फिर लौटकर आ रहा है। डबल शैतानियत के साथ। इस बार पता नहीं वह उनकी बेटी को ही फिर से वश में करेगा या फिर उनके बेटे या बीवी किसी में से एक को।...और अगर कहीं अजय देवगन को खुद को वश में कर लिया तो? हालात जो भी बनें अजय देवगन और आर माधवन में टकराव तो होगा। इस बार सब कुछ डबल होने वाला है, क्योंकि यह शैतान 2 है। अजय देवगन और आर माधवन स्टारर फिल्म शैतान की सीक्वल। फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी गई है। शैतान 2 को जियो स्टूडियो, देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियो प्रस्तुत करेंगे। फिल्म का डायरेक्शन विकास बहल करेंगे, जिन्होंने मूवी के फर्स्ट पार्ट का भी डायरेक्शन किया था। फिल्म के प्रोड्यूसर अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक हैं। फिल्म में सह-निर्माता के रूप में संजीव जोशी, आदित्य चौकसे और अमित डालमिया जुड़े हैं।



### ...और इंटरेस्टिंग होगी एक पिता और शैतान की लड़ाई

शैतान 2 का पहला पार्ट शैतान लोगों को खूब भाया था। इसमें अजय देवगन और आर माधवन की लड़ाई को लोगों ने खूब एंजॉय किया। माधवन की शैतानी पग-पग पर डराने वाली थी। फिल्म में माधवन एक तांत्रिक की भूमिका में थे। माधवन खाने में कुछ मिलाकर अजय देवगन की बेटी को खिला देते हैं, जिससे वह उनके वश में हो जाती है। वश में भी ऐसी कि वह माधवन के कहने पर अपने पिता अजय देवगन, मां ज्योतिका और भाई तक की जान लेने पर उतारू हो जाती है। ऐसे में किस तरह से अजय देवन अपनी बेटी को शैतान माधवन के चुंगल से छुड़ाते हैं, यह बहुत ही इंटरेस्टिंग तरीके से बताया गया है। मूवी में अजय देवगन से ज्यादा लोगों को आर माधवन की कातिल मुस्कान पसंद आई। अब शैतान का सीक्वल बन रहा है तो एक पिता और शैतान की लड़ाई और जोरदार और इंटरेस्टिंग होने वाली है।

### बॉक्स ऑफिस पर भी खूब बरसा धन

एक बाप की अपनी बेटी को बचाने की यह लड़ाई बॉक्स ऑफिस पर भी सिक्कों की बारिश करवाने में कामयाब रही। शैतान सुपर हिट रही। मात्र 60 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 213 करोड़ 55 लाख रुपए की वर्ल्डवाइड कमाई की है। इसमें से 176 करोड़ 5 लाख रुपए भारत में ग्रोस कमाई थी तथा 37 करोड़ 50 लाख रुपए ओवरसीज का कलेक्शन था। नेट कमाई की बात करें तो फिल्म ने 147 करोड़ 97 लाख रुपए भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन किया।



## 'पंचतत्व' पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर राजस्थान ललित कला अकादमी और ओरियन ग्रीन्स के संयुक्त तत्वावधान में 2 जून को सुबह 9 बजे ललित कला अकादमी परिसर में 'पंचतत्व' चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें 5 से 16 आयुवर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन संभागीय आयुक्त और राजस्थान ललित कला अकादमी की प्रशासक डॉ. आरुषि मलिक और सुधीर शर्मा सचिव सामान्य प्रशासन विभाग राजस्थान सरकार ने किया। डॉक्टर आरुषि मलिक और सुधीर शर्मा ने बच्चों को जीवन में क्रिएटिव रंग भरने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजस्थान ललित कला अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष और ओरियन ग्रीन्स की अध्यक्ष नीता उपाध्याय भी उपस्थित रहे और पंचतत्व चित्रकला प्रतियोगिता की जानकारी दी।


## पौधारोपण करेगी '10 ट्री एंबुलेंस'



**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ट्री एंबुलेंस विद्याधर नगर के सेक्टर 8 में मंदिर मोड़ से शास्त्री नगर जाने वाली रोड साइड ग्रीन बेल्ट में गुरुवार को पौधा रोपण और श्रमदान करेगी। दूसरा ग्रुप दीवारों पर रंग और रेलिंग, कॉलोनी के बड़े लोहे के गेट पर ऑयल पेंट करेगा। तीसरा ग्रुप बड़े टैंकर से पानी डालेगा तथा चौथा ग्रुप विद्याधर नगर की गलियों से पिकअप से मलवा उठाएगा। इससे पूर्व बुधवार को टीम ने 15 बड़े टैंकर पानी पेड़ो में डाला, चार पिकअप मलवा उठाया और 11 चक्कर दो ई रिक्शा वालों ने किए। साथ ही आठ लेबर के साथ ट्री एंबुलेंस ने दोपहर एक बजे तक विद्याधर नगर की गलियों के पेड़ों की सार संभाल की।

## City इवेंट्स


### 14 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी आमिर के बेटे जुनैद की 'महाराज'




**बेधड़क. जयपुर।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान एक्टिंग में डेब्यू करने जा रहे हैं। उनकी पहली फिल्म महाराज का प्रीमियर सीधे नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज की तारीख और इसके पहले टीजर पोस्टर की घोषणा की। नेटफ्लिक्स के आधिकारिक हैंडल पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया गया, जिसमें लिखा गया है 'एक शक्तिशाली व्यक्ति और एक निडर पत्रकार के बीच सच्चाई की लड़ाई। सच्ची घटनाओं पर आधारित-महाराज 14 जून को रिलीज हो रही है, केवल नेटफ्लिक्स पर!' सत्य घटना पर आधारित इस मूवी में जुनैद कृष्णदास मुल्जी का कैरेक्टर प्ले कर रहे हैं। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट प्रस्तुत इस फिल्म के प्रोड्यूसर आदित्य चौपड़ा हैं। फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है।

### श्रेयस कृष्णा होंगे सुपरस्टार सूर्या की फिल्म #suriya44 के DOP

**बेधड़क. जयपुर।** सुपरस्टार सूर्या की फिल्म #suriya44 के क्रू का अनाउंस कर दिया गया है। फिल्म के डीओपी श्रेयस कृष्णा होंगे। एडिटिंग शफीक मोहम्मद अली करेंगे। आर्ट डायरेक्टर जैकी तथा एक्शन डायरेक्टर केचा होंगे। श्रेयस कृष्णा इससे पहले निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज के साथ 'जगमे थांधीरम' और 'महान' जैसी फिल्मों के लिए सिनेमैटोग्राफर के तौर पर काम कर चुके हैं। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है, निर्माताओं ने खुलासा किया है कि सिनेमैटोग्राफर श्रेयस कृष्णा को फिल्म के लिए कैमरा संभालने के लिए चुना गया है। कुछ सप्ताह पहले प्रोडक्शन हाउस ने यह भी खुलासा किया था कि




संतोष नारायणन को फिल्म के लिए संगीत तैयार करने के लिए चुना गया है।

### अल्लू और रश्मिका की जबरदस्त केमिस्ट्री

## 'अंगारों का अंबर' का हुक स्टेप बनाएगा कपल्स में पहचान

**बेधड़क | जयपुर**

पुष्पा 2 का सेकंड सिंगल 'अंगारों का अंबर सा लगता है मेरा सामी' बुधवार को रिलीज हुआ। गाने में पुष्पा अल्लू अर्जुन और श्रीवल्ली रश्मिका मंदान की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। इसे कपल सांग के रूप में प्रचारित किया गया और वाकई यह कपल्स का इंटरनेशन सांग बनने वाला है।

इसके हुक स्टेप्स इतने सिंपल और परे हैं कि देखने के साथ ही करने को मन करता है। गाने के बोल बहुत सिंपल है। इसके सिंपल बोलों पर कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने कमाल की कोरियोग्राफी की है। गाने के रिलीज किए गए लिरिकल वीडियो में डायरेक्टर सुकुमार, अलू अर्जुन, रश्मिका मंदान और गणेश आचार्य की शूटिंग के दौरान की मस्ती भी दिखाई गई है।




रकीब आलम के लिखे गाने को श्रेया घोषाल ने गाया है और इसे संगीत दिया है देवीश्री प्रसाद ने। इससे पहले पुष्पा 2 के फर्स्ट सिंगल पुष्पा, पुष्पा पुष्पाराज को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। यही कारण है कि छहों भाषाओं के व्यूज को मिलाकर इसे यू ट्यूब पर 100 मिलियन बार देखा जा चुका है। इसके साथ 2.26 मिलियन लाइक्स भी मिले हैं। इसमें अल्लू अर्जुन के हर स्टेप ने उनके फैंस को क्रेजी बना दिया। वे बार-बार गाने को देख रहे हैं और शेयर कर रहे हैं।

गाने को मिले रेस्पांस से पुष्पा 2 के मेकर्स भी काफी खुश हैं। उन्होंने अपनी यह खुशी अल्लू अर्जुन के फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर की है।

### लीग में 82 दिनों तक खेले गए 72 मुकाबले

## प्रतियोगिता में जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब बना चैंपियन




**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब चैंपियन बन गया है। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले गए राजस्थान फुटबॉल लीग के मुकाबले में 72वां मैच जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब और रॉयल क्लब के बीच रॉयल स्टेडियम पर खेला गया। इसमें दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि 8 मार्च से 28 मई तक लगभग 82 दिनों तक फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। 72वां मैच जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब और रॉयल क्लब के मध्य रॉयल स्टेडियम पर खेला गया। अंतिम समय तक मेजबान टीम ने 5-1 से बढ़त से मुकाबला जीता। प्रतियोगिता में जयपुर एलीट ने अपने 16 मैचों 41 अंक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया।

### खिलाड़ियों की हौसला अफजाई



राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। जसोल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए और टीम को बधाई दी। प्रतियोगिता में 16-16 गोल करने वाले मिलन पूनिया व सुभाष दामोर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान फुटबाल संघ के चेयरमैन जयनारायण गहलोत, महिला चेयरमैन श्रुति राठौर, जिला फुटबाल संघ के सचिव रफीक अहमद डूंगरपुर, सुरेंद्र मील सीकर, बंटी जोसफ अजमेर आदि मौजूद रहे।

**धार्मिक कार्यक्रम** | जैन मंदिरों में ग्रीष्मकालीन शिक्षण शिविरों का समापन

## 'श्रमण संस्कृति संस्कार' में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का सम्मान

**बेधड़क | जयपुर**

श्रमण संस्कृति संस्थान के अन्तर्गत संचालित संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति द्वारा श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति के सहयोग से शहर के 46 दिगम्बर जैन मंदिरों में 15 मई से चल रहे ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविरों का समापन हुआ।

इस मौके पर शिविरार्थियों को सम्मानित किया गया। श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की अंचल अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल ने बताया कि इन शिविरों में पढ़ाए गए विषयों की हुई परीक्षा में उत्तीर्ण हुए प्रशिक्षणार्थियों को स्थानीय मंदिर कमेटियों द्वारा बुधवार 29 मई को आयोजित समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर आचार्य विद्या सागर महाराज पर लघु नाटिका की प्रस्तुति भी दी गई।





### जनकपुरी दिगम्बर जैन मंदिर में भी कार्यक्रम

जनकपुरी दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष पदम चंद बिलाला ने बताया कि जनकपुरी दिगम्बर जैन मंदिर में समापन समारोह में शीला डोड्या मुख्य अतिथि एवं विनिता जैन तथा संस्थान के मंत्री सुरेश कासलीवाल थे। बापूनगर के समापन समारोह में भी शीला डोड्या ने सहभागिता की, जहां मन्दिर समिति द्वारा उनका सम्मान किया गया। प्रचार प्रसार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक हर मंदिर से हर विषय में प्रथम आने वाले प्रशिक्षणार्थियों की पुनः परीक्षा गुरुवार 30 मई को संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय में पं. रतन लाल बैनाड़ा की स्मृति में रत्नाकर पुरस्कार के लिए होगी। इसमें पुरस्कार स्वरूप 2100 रुपए नकद व शील्ड संस्थान द्वारा दी जाएगी।

शादी इंतज़ार कर सकती है शिक्षा नहीं, यदि महिलाएं अशिक्षित हैं तो समाज की सफलता की कोई संभावना ही नहीं है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



भारत सहित दुनियाभर में भी कई सेलिब्रिटीज ने शेयर की तस्वीर

# ‘ऑल आइज ऑन रफाह’ वाली तस्वीर वायरल




**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा के रफाह में विस्थापित लोगों से भरे तंबुओं में 45 फिलिस्तीनियों की मौत के लिए इजराइल के हालिया हमलों की कई देशों और मानवाधिकार समूहों ने बड़े स्तर पर निंदा की है। मारे गए लोगों में कई बच्चे भी शामिल हैं। यह वही इलाका है जहां कुछ दिन पहले विस्थापित फिलिस्तीनियों के शिविर में आग लग गई थी। अल जजीरा ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि रफाह शहर के उत्तर-पश्चिम में स्थित ताल अस-सुल्तान क्षेत्र को “सुरक्षित क्षेत्र” घोषित किया गया है, लेकिन यहां पर आठ इजराइली मिसाइलों ने हमला किया। इजराइली सेना ने कहा है कि रविवार को विस्थापितों के शिविर में लगी आग संभवतः फिलिस्तीनी आतंकवादियों के हथियारों से हुए दूसरे विस्फोटों के कारण लगी होगी। रफाह पर बरस रहे इजराइली कहर के बीच एक तस्वीर दुनियाभर में शेयर की जा रही है।

### तस्वीर के जरिए लोगों से अपील

जैसे ही सोशल मीडिया पर जले हुए शवों और गंभीर रूप से घायल लोगों की तस्वीरें सामने आईं, वैसे ही “ऑल आइज ऑन रफाह” लिखी एक तस्वीर ट्रेंड करने लगी। All Eyes on Rafah (रफाह पर सभी की निगाहें) लिखी तस्वीर भारत में भी कई सेलिब्रिटीज ने शेयर की है। कार्यकर्ताओं और मानवीय समूहों द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर (रफाह) की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जहां लोगों को बिना किसी मानवीय सहायता के तंग शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर किया गया है। तस्वीर में अनगिनत तंबूओं को दिखाया गया है, जिन पर लिखा है “सभी की निगाहें रफाह पर हैं।” इस तस्वीर के जरिए लोगों से अपील की जा रही है कि वे गाजा के सुदूर दक्षिणी शहर की स्थिति को नजरअंदाज न करें, जहां इजराइली बमबारी से बचने के लिए लगभग 15 लाख लोग शरण लिए हुए हैं।

इजराइल के NSA की चेतावनी से रफाह में भगदड़

# ‘अभी सात महीने और चलेगी गाजा में जंग’

**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा में जारी सैन्य अभियान के बीच इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि गाजा में जंग कम से कम सात और महीने चलेगी। उनका ये बयान ऐसे समय में आया है जब इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा के रफाह शहर में फिर से हमला किया। रफाह में इजराइली सैन्य कार्रवाई की पूरी दुनिया में निंदा हो रही है।

इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हनेग्बी ने कहा कि गाजा-मिस्र सीमा पर ‘फिलाडेल्फी’ मार्ग के 75% हिस्से पर इजराइल का नियंत्रण है। इस दौरान उन्होंने कहा कि गाजा में लड़ाई अगले 7 महीनों तक जारी रहेगी। युद्ध में नागरिकों की मौत पर बढ़ती चिंता के बावजूद इजराइल ने अपनी कार्रवाई बदलने का कोई संकेत नहीं दिखाया है, जिसके कारण युद्धविराम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में रूकावट आ रही है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हानेग्बी ने इजराइल के सरकारी टीवी चैनल को बताया कि गाजा के अंदर आईडीएफ (इजराइल रक्षा बल) अब फिलाडेल्फिया कॉरिडोर के 75% हिस्से पर नियंत्रण कर चुकी है और मेरा मानना है कि समय के साथ सेना पूरे इलाके पर नियंत्रण कर लेगी। मिस्र के लोगों के साथ मिलकर हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हथियारों की तस्करी को रोका जाए। हानेग्बी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि गाजा में लड़ाई कम से कम 2024 के अंत तक जारी रहेगी।



### 45 फिलिस्तीनियों की मौत मामले में जांच जारी

इजराइल द्वारा गाजा के रफाह शहर पर सोमवार रात और मंगलवार को किए गए हमले में कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई है। चश्मदीदों, आपात सेवा कर्मियों और अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह वह इलाका है जहां कुछ दिन पहले विस्थापित फिलिस्तीनियों के शिविर में आग लग गई थी। इजराइली सेना ने कहा है कि रविवार को विस्थापितों के शिविर में लगी आग संभवतः फिलिस्तीनी आतंकवादियों के हथियारों से हुए दूसरे विस्फोटों के कारण लगी होगी। आग लगने की घटना के संबंध में इजराइल की प्रारंभिक जांच के परिणाम मंगलवार को जारी किए गए। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने बताया कि आग लगने के कारण की अभी भी जांच की जा रही है, लेकिन हमास के दो वरिष्ठ आतंकवादियों को निशाना बनाकर किए गए हमले से आग लगने की संभावना कम है क्योंकि इस दौरान बहुत छोटे हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की घटना में 45 लोगों की मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि दक्षिणी गाजा नगर में लड़ाई तेज हो गई है।

इस्लामाबाद कोर्ट के बाहर इमरान खान के वकील ने बनाया निशाना

# बुशरा बीबी के पूर्व पति पर हमला

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इस्लामाबाद कोर्ट के बाहर हमला किया गया। इस हमले में इमरान खान के एक वकील थे, जिन्होंने उनको निशाना बनाया। यह घटना तब घटित हुई जब वह गैर-इस्लामिक विवाह मामले में दंपति की दोषसिद्धि के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए थे।

71 वर्षीय इमरान खान और 49 वर्षीय बीबी को 3 फरवरी को ट्रायल कोर्ट ने इद्दत के दौरान शादी करने के लिए सात-सात साल जेल की सजा सुनाई थी। इद्दत इस्लाम में एक महिला के लिए अपने पति की मृत्यु या तलाक के बाद दूसरी शादी करने से पहले प्रतीक्षा करने का अनिवार्य समय है। बुशरा के पूर्व पति खावर मेनका ने दंपति के खिलाफ नवंबर 2023 में मामला दायर किया था।

**अदालत परिसर में भी फेंकी बोतलें:** इस मामले पर अदालत ने 23 मई को अपील पर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे बुधवार को सुनाया जाना था। बुशरा और उनके पति तथा पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान द्वारा मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ दायर अपीलों की सुनवाई के दौरान इस्लामाबाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाहरुख अर्जुमंद फैसला सुनाए बिना अपने कक्ष में चले गए। इस घटनाक्रम के बाद पीटीआई के वकीलों ने अदालत कक्ष में बोतलें फेंकी, जिसके कारण मेनका के वकीलों ने उन्हें बाहर निकाला। हालांकि, बाहर निकाले जाने के दौरान पीटीआई के एक वकील ने अदालत परिसर में मेनका पर हमला कर दिया, जिसके बाद वह जमीन पर गिर गए।




पनडुब्बी समझौता

# चीनी धमकियों से डरा थाईलैंड

**एजेंसी** | बैंकॉक

थाईलैंड चीन के साथ पनडुब्बी डील को रद्द करने से पीछे हट गया है। 2023 में थाईलैंड की कैबिनेट ने इस डील को रद्द करने का फैसला किया था। इस पर चीन ने थाईलैंड को कानूनी प्रक्रिया का सामना करने और पहले से दी गई एडवांस भुगतान को भूल जाने की धमकी दी थी। इसके बाद थाईलैंड अब सैन्य प्रतिनिधियों और जहाज निर्माताओं के साथ बातचीत के बाद चीनी इंजन के साथ आगे बढ़ने पर सहमत है। यह फैसला थाईलैंड के साथ चीन के साथ घनिष्ठ संबंधों और वास्तव में संभावित रूप से अधिक चीनी निर्मित पनडुब्बियों का संकेत देता है। थाईलैंड को डर था कि अगर वह डील को एक तरफा तरीके से रद्द करता है तो उसे चीन के साथ संभावित कानूनी विवाद का सामना करना पड़ता।



### बातचीत के बाद हुआ राजी

पिछले हफ्ते चीनी सेना और जहाज निर्माण कर्मियों की बैंकॉक यात्रा के बाद, रक्षा मंत्रालय सैद्धांतिक रूप से S26T युआन क्लास पनडुब्बी के साथ आगे बढ़ने पर सहमत हो गया है। पनडुब्बी को अब चीन निर्मित इंजन के साथ लैस किया जाएगा, जिसे पहले अस्वीकार कर दिया गया था। संक्षेप में, यह निर्णय बैंकॉक में बीजिंग के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के विचार और इच्छा से जुड़ा है। निश्चित रूप से, यह पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) नौसेना के साथ थाईलैंड के नौसैनिक संबंधों को मजबूत करने का भी संकेत देता है।

### चीन से दो और पनडुब्बियां खरीदेगा

बैंकॉक में यह भी सुझाव दिया गया कि रॉयल थाई नौसेना की दो और चीनी निर्मित पनडुब्बियों की योजना एजेंडे में वापस आ सकती है। इस सप्ताह का निर्णय निश्चित रूप से पिछले सितंबर में पदभार ग्रहण करने के बाद से प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन की सरकार द्वारा अपनाई गई नीति में बदलाव को दर्शाता है। इसका कारण व्यापार और बीजिंग के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की इच्छा है। थाई-चीनी संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण विकास में, राज्य ने 2017 के चीनी एस26टी युआन क्लास पनडुब्बी अनुबंध को रद्द करने के अपने अक्टूबर 2023 के फैसले से पीछे हट गया है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl